सुविचार
उस ज्ञान का कोई लाभ नहीं जो समाज के हित में ना हो।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Monday, 14 August 2023 ● Year : 01 ● Issue : 209 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com



08 सिंघम 3 में होगी दीपिका की एंट्री

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 65,322.65 |
| निफ्टी | : | 19,428.30 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,600 |
| चांदी | : | 76.02 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### एनआईए का पांच राज्यों में 14 ठिकानों पर छापा

**NEW DELHI :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ रविवार को पांच राज्यों में सिलसिलेवार छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया। केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और बिहार के कुल 14 स्थानों पर छापे मारे गए। इस दौरान कई आपत्तिजनक डिजिटल उपकरणों के साथ-साथ दस्तावेज भी जब्त किए गए। एनआईए ने कहा कि वह भारत विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पीएफआई और उसके शीर्ष नेतृत्व के प्रयासों को उजागर करने तथा विफल करने के लिए काम कर रही है। इसी के तहत देश के कन्नूर, मलप्पुरम, दक्षिण कन्नड़, नासिक, कोल्हापुर, मुर्शिदाबाद और कटिहार समेत कुल 14 स्थानों पर छापे मारे गए।

### 13,700 फीट की ऊंचाई पर न्योमा एयरबेस का अपग्रेडेशन शुरू

**NEW DELHI :** चीन सीमा से 50 किमी. से कम दूरी पर भारत ने लद्दाख के हवाई क्षेत्र को अपग्रेड करना शुरू कर दिया है। इसके लिए न्योमा एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड (एएलजी) पर लड़ाकू अभियानों के लिए 2.7 किमी लंबा कंक्रीट रनवे बनाया जा रहा है। यह 13,700 फीट की ऊंचाई पर चीन की नजरों से दूर दुनिया का सबसे ऊंचा हवाई क्षेत्र होगा। यह एयरबेस चीन सीमा पर एलएसी के सबसे नजदीक होने के कारण रणनीतिक रूप से सबसे ज्यादा संवेदनशील होने के साथ ही महत्वपूर्ण भी है। पूर्वी लद्दाख सीमा के पास 18 सितंबर 2009 को शिलान्यास किये गए न्योमा एयरफील्ड को अपग्रेड करने का फैसला चीनी बुनियादी ढांचे की विकास गतिविधियों के जवाब के रूप में देखा जा रहा है।

### हिमाचल में भारी बारिश के कारण आज बंद रहेंगे स्कूल-कॉलेज

**SHIMLA :** हिमाचल प्रदेश में बारिश आफत बनकर बरस रही है। लगातार हो रही मुसलाधार वर्षा से राज्य में जगह-जगह भूस्खलन और बाढ़ की घटनाओं से भारी नुकसान हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में बारिश का ये दौर जारी रहने वाला है। इसे देखते हुए हिमाचल सरकार ने सोमवार यानी 14 अगस्त को पूरे प्रदेश में स्कूल-कॉलेज बंद रहने के आदेश जारी किए हैं। रविवार देर सांय इस सम्बंध में सचिव शिक्षा अभिषेक जैन की ओर से अधिसूचना जारी हुई है। भारी वर्षा के बीच विद्यार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर राज्य के सभी स्कूलों-कॉलेजों में अवकाश घोषित किया गया है।

# डुमरी सीट पर NDA ने यशोदा देवी को उतारा

## 17 को आजसू प्रत्याशी के रूप में दाखिल करेंगी नामांकन पत्र, मौजूद रहेंगे वरिष्ठ नेता

**PHOTON NEWS RANCHI :** डुमरी विधानसभा सीट पर उपचुनाव में आजसू पार्टी की यशोदा देवी एनडीए उम्मीदवार होंगी। एनडीए की हुई बैठक में रविवार को आजसू की तरफ से यशोदा देवी के नाम पर मुहर लगी। पांच सितंबर को होने वाले उपचुनाव को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में एनडीए की बैठक हुई। भाजपा प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी के साथ आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो और पार्टी के अन्य नेताओं ने मंथन और चर्चा की। बैठक में भाजपा के नेता अमर बाउरी, लुईस मरांडी, अमित मंडल, जेपी भाई पटेल सहित प्रदेश और महानगर के पदाधिकारी मौजूद रहे जबकि आजसू के सुप्रीमो सुदेश महतो के अलावा सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और लंबोदर महतो भी मौजूद रहे।



भाजपा प्रदेश कार्यालय में एनडीए की बैठक में शामिल नेतागण।



यशोदा देवी एनडीए उम्मीदवार।

आजसू पार्टी प्रदेश कार्यालय में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी प्रवक्ता देवशरण भगत ने कहा कि यशोदा देवी 17 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगी। उन्होंने कहा कि आज झारखंड प्रदेश के भाजपा प्रभारी, संगठन मंत्री के अलावा अन्य भाजपा नेताओं तथा आजसू पार्टी के केन्द्रीय उपाध्यक्ष तथा सांसद सीपी चौधरी के साथ डुमरी उपचुनाव को लेकर चर्चा हुई। इसमें एनडीए कैंडिडेट और उसकी जीत के लिए अहम रणनीति पर चर्चा हुई। तय हुआ कि आजसू पार्टी की ओर से ही कैंडिडेट दिया जाएगा। देवशरण ने कहा कि भाजपा संग बैठक के बाद आजसू पार्टी की कोर कमेटी की बैठक में डुमरी की पूर्व प्रमुख रही और 2019 के चुनाव में दूसरे स्थान पर रही यशोदा देवी को चुनावी मैदान में खड़ा किया जाएगा। 17 अगस्त को वे नामांकन करेंगी तो उस समय एनडीए के बड़े नेता भी मौजूद रहेंगे। इस मौके पर विधायक लंबोदर महतो, हुसैनाबाद के पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता समेत अन्य नेता भी मौजूद थे।

### 2019 में भी चुनाव लड़ चुकी हैं यशोदा देवी

यशोदा देवी के पति स्व दामोदर महतो अविभाजित बिहार में जदयू से जुड़े हुए थे। डुमरी से चुनाव भी लड़ चुके थे। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद वे आजसू पार्टी से जुड़ गए थे। 2016-17 में उनके निधन के बाद इंटर पास यशोदा देवी ने डुमरी प्रमुख के तौर पर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। 2019 में विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी ने उनकी दक्षता को देखते उन्हें टिकट दिया था। हालांकि, झामुमो के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री जगरनाथ महतो इस सीट से जीतकर विधानसभा पहुंचे थे।

उल्लेखनीय है कि साल 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में यशोदा देवी को 36,840 वोट मिले थे जबकि भाजपा उम्मीदवार के रूप में प्रदीप कुमार साहू 36,013 वोट मिले थे।

# लाल किले पर 15 अगस्त को पहली बार फील्ड गन से दी जाएगी सलामी

## वायु सेना के हेलीकॉप्टर करेंगे फूलों की बारिश



**AGENCY NEW DELHI :** लाल किले की प्राचीर से इस साल पहली बार स्वतंत्रता दिवस के दौरान 105 मिमी भारतीय फील्ड गन (आईएफजी) से 21 तोपों की सलामी दी जाएगी। इस तरह की सात बंदूकें 52 सेकंड में 21 फायर करके सलामी देंगी, यानी राष्ट्रगान के साथ प्रति राउंड 2.4 सेकंड फायर होंगे। औपचारिक 21 तोपों की सलामी की अवधि राष्ट्रगान की लंबाई के साथ मेल खाती है। पिछले साल सलामी देने के लिए स्वदेशी उन्नत टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) फायर करके सलामी दी गई थी। स्वदेश निर्मित 105 मिमी. भारतीय फील्ड गन्स से पहली बार 8711 फील्ड बैटरी (सेरेमोनियल) के गनर्स ने इस साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर पारंपरिक 21 तोपों की सलामी दी थी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि आईएफजी पुरानी 25-पाउंडर्स तोपों की जगह लेंगी, जो रक्षा क्षेत्र में बढ़ती 'आत्मनिर्भरता' को दशार्ती हैं। इंडियन फील्ड गन (आईएफजी) 105 को 1972 में डिजाइन किया गया था। गन कैरिज फैक्ट्री, जबलपुर और फील्ड गन फैक्ट्री, कानपुर इसका निर्माण करती हैं। ये फील्ड गन कॉम्पैक्ट लाइट हैं और इन्हें हवा से भी गिराया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 अगस्त को ऐतिहासिक लाल किले से 77वें स्वतंत्रता दिवस का उत्सव मनाने में देश का नेतृत्व करेंगे। वह राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और इस ऐतिहासिक स्मारक की प्राचीर से राष्ट्र को पारंपरिक संबोधन देंगे। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, इंडिया गेट, विजय चौक, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, प्रगति मैदान, राजघाट, जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन, राजीव चौक मेट्रो स्टेशन, दिल्ली गेट मेट्रो स्टेशन, आईटीओ मेट्रो गेट, नौबत खाना और शीश गंज गुरुद्वारा सहित 12 स्थानों पर सरकार की विभिन्न योजनाओं और पहलों को समर्पित सेल्फी प्वाइंट स्थापित किए गए हैं। लाल किला पहुंचने पर प्रधानमंत्री का स्वागत रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट और रक्षा सचिव गिरिधर अरमने करेंगे। रक्षा सचिव अरामने दिल्ली क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ का परिचय प्रधानमंत्री से कराएंगे।

### सीएम रांची में और राज्यपाल दुमका में फहरायेंगे झंडा

**RANCHI :** स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह मोरहाबादी मैदान में होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सुबह 9 बजे झंडोत्तोलन करेंगे। वहीं राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन दुमका में झंडा फहरायेंगे। राज्य के अन्य कैबिनेट मंत्री विभिन्न जिलों में झंडोत्तोलन करेंगे। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने निर्देश जारी किया है और सभी जिलों को सूचना दी है। इधर मोराबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी अंतिम चरम पर है। आलमगीर आलम साहिबगंज डॉ रामेश्वर उरांव लोहरदगा, सत्यानंद भोक्ता चतरा, चंपई सोरेन सरायकेला खरसावां, जोबा मांझी पश्चिम सिंहभूम चाईबासा, बन्ना गुप्ता पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर, बदल पत्र लेख पलामू ,मिथिलेश कुमार ठाकुर गढ़वा, हफीजुल हसन देवघर, बेबी देवी बोकारो में झंडा फहरायेंगे।

# मणिपुर हिंसा के नौ और मामलों की जांच CBI को

## मैतेई महिला के साथ गैंगरेप की भी जांच करेगी एजेंसी

**AGENCY IMPHAL :** मणिपुर हिंसा से जुड़े 9 और मामलों की जांच सीबीआई करेगी। एजेंसी ने बताया कि जांच एजेंसी के पास अब कुल 17 केस हैं। सीबीआई ने अब तक 8 मामले दर्ज किए हैं, जिनमें मणिपुर में महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न से संबंधित दो मामले भी शामिल हैं। अधिकारियों का कहना है कि सीबीआई के पास और केस भी आ सकते हैं। इसमें खासकर महिलाओं के साथ हुए उत्पीड़न, कुकी महिला के वायरल वीडियो के मामले शामिल होंगे। इसके अलावा 9 अगस्त को मैतेई महिला से गैंगरेप का मामला सामने आया था। इसकी जांच भी सीबीआई को दी जा सकती है। दरअसल, राज्य में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच 3 मई से जारी हिंसा में 160 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि मणिपुर में 6523 एफआईआर दर्ज की गई हैं। इनमें से 11 केस महिलाओं और बच्चों की हिंसा से जुड़े हैं। अधिकारियों ने कहा कि राज्य में समाज जातीय आधार पर बंटा हुआ है, ऐसे में जांच एजेंसी को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। सीबीआई पर पक्षपात का आरोप भी लग सकता है कि वो एक समुदाय से मिली हुई है। ऐसे में बेहद गंभीरता के साथ आगे की जांच की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने 7 अगस्त को कहा था कि मणिपुर में हिंसा से जुड़े मामलों की 42 स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीमें (एसआईटी) जांच करेंगी। इन एसआईटी के काम की निगरानी डीआईजी रैंक का अफसर करेगा। ये अफसर मणिपुर के बाहर का होगा। डीआईजी रैंक का एक अफसर 6 एसआईटी की निगरानी करेगा। इन एसआईटी की जिले के आधार पर नियुक्ति होगी। मणिपुर के चुराचांदपुर की एक मैतेई महिला ने कुकी समुदाय के लोगों पर गैंगरेप का आरोप लगाया है। घटना 3 मई की है, पुलिस ने 9 अगस्त को एफआईआर दर्ज की है। महिला ने पुलिस को बताया कि उपद्रवियों ने उसके घर में आग लगा दी थी। विरोध करने पर गैंगरेप किया। समाज के डर से उसने अब तक अपने साथ हुई हैवानियत के बारे में किसी से बात नहीं की थी। मणिपुर हिंसा में अब तक 160 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें 3-5 मई के बीच 59 लोग, 27 से 29 मई के बीच 28 लोग और 13 जून को 9 लोगों की हत्या हुई थी। 16 जुलाई से लेकर 27 जुलाई तक हिंसा नहीं हुई थी। मैतेई समुदाय की मांग है कि उन्हें भी जनजाति का दर्जा दिया जाए। समुदाय ने इसके लिए मणिपुर हाईकोर्ट में याचिका लगाई। समुदाय की दलील थी कि 1949 में मणिपुर का भारत में विलय हुआ था।




अपनी मांगो को लेकर पदर्शन करते मैतेई समुदाय के लोग ● एजेंसी

### राष्ट्रपति 17 अगस्त को लॉन्च करेंगी छठा युद्धपोत 'विंध्यगिरी'

**NEW DELHI :** भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 17 अगस्त को 17ए फ्रिगेट्स का छठा जहाज विंध्यगिरी लॉन्च करेंगी। इस प्रोजेक्ट के जहाजों को भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने इन-हाउस डिजाइन किया है। इसका नाम कर्नाटक की पर्वत श्रृंखला के नाम पर रखा गया है, जिसे गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड, कोलकाता में निर्मित किया गया है। इस पर ब्रह्मोस मिसाइल की भी तैनाती हो सकती है। नौसेना के कमांडर विवेक मधवाल के मुताबिक विंध्यगिरि प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट्स का छठा जहाज है। इस युद्धपोत में बेहतर स्टील्थ फीचर्स, उन्नत हथियार और सेंसर और प्लेटफॉर्म प्रबंधन सिस्टम हैं। तकनीकी रूप से उन्नत यह फ्रिगेट अपने पूर्ववर्ती लिएंडर क्लास एएसडब्ल्यू फ्रिगेट आईएनएस विंध्यगिरी को विशिष्ट सेवा के लिए एक तरह से श्रद्धांजलि है। आईएनएस विंध्यगिरी ने 08 जुलाई 1981 को नौसेना में शामिल होकर 11 जून 2012 तक विभिन्न चुनौतीपूर्ण अभियानों और बहुराष्ट्रीय अभ्यासों के दौरान लगभग 31 वर्षों तक सेवा दी थी।

# वायु सेना में शामिल हुए हेरॉन मार्क-2 DRONE

**AGENCY NEW DELHI :** भारतीय वायु सेना में इजराइली हेरॉन मार्क-2 ड्रोन को शामिल किया गया है। एक बार संचालित होने पर लंबे समय तक उड़ने वाले यह ड्रोन एक ही उड़ान में पाकिस्तान और चीन दोनों के साथ पूरी सीमाओं को कवर करने की क्षमता रखते हैं। इसलिए इन्हें उत्तरी क्षेत्र में एक फॉरवर्ड एयर बेस से संचालित किया जा रहा है। इस स्क्वाड्रन को 'वार्डन ऑफ द नॉर्थ' के रूप में जाना जाता है। आने वाले दिनों में इसे तीनों सेनाओं के लिए तैयार किया जाएगा ताकि जरूरत पड़ने पर दोनों दुश्मन के खिलाफ एक साथ आक्रामक हमला किया जा सके। उपग्रह संचार लिंक से लैस हेरॉन ड्रोन मार्क-2 को हाल ही में भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया है। सेटेलाइट से नियंत्रित होने वाला हेरॉन ड्रोन 250 किलोग्राम हथियार लेकर उड़ सकता है। भारतीय वायु सेना अब 'मेक इन इंडिया' के तहत अपने प्रोजेक्ट चीता को आगे बढ़ाने की योजना बना रही है।

### अजीत पवार को मनाने का प्रयास जारी : शरद पवार

**GIRIDIH :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार को मनाने का प्रयास किया जा रहा है। शरद पवार ने साफ शब्दों में कहा कि वे किसी भी कीमत पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ नहीं जाएंगे। यह भी कहा कि अजीत पवार उनके परिवार के सदस्य हैं, इसलिए उनसे शनिवार को हुई मुलाकात पर किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। शरद पवार ने कहा कि वे अपने परिवार के सबसे वरिष्ठ हैं। परिवार में वे भी सभी से मिल सकते हैं, उनके परिवार के सदस्य भी उनसे कभी भी मिल सकते हैं।

# शहीद अजय को अंतिम विदाई देने उमड़ा सैलाब

## गिरिडीह में भारत माता के जयकारे से गूंजता रहा पूरा रास्ता, अंतिम दर्शन को कई दिग्गज पहुंचे

**AGENCY GIRIDIH :** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में शनिवार को आतंकियों और सुरक्षा बलों की मुठभेड़ में शहीद हुए गिरिडीह के 28 वर्षीय शहीद जवान अजय राय का शव वायु सेना के हेलीकॉप्टर से रविवार को रांची हवाई अड्डा पहुंचा। यहां से शहीद जवान के पार्थिव शरीर को सेना की गाड़ी से गिरिडीह के देवरी लाया गया। गांव के मुक्तिधाम में उनके पार्थिव शरीर को उनके बड़े भाई मनोज राय ने मुखाग्नि दी। इस दौरान सैनिकों ने हवाई फायरिंग कर शहीद को अंतिम सलामी दी। रांची से गिरिडीह आने के क्रम में भारत माता के इस वीर सपूत के पार्थिव शरीर का काफिला बगोदर से गुजरते हुए जमुआ पहुंचा। इस दौरान 20 हजार से अधिक की भीड़ भी देवरी के लिए चल पड़ी। हर युवक के हाथ में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा था और भारत माता के जयकारे से पूरा रास्ता गूंजता रहा। शहीद जवान अजय राय पर लोगों को गर्व था। जिस किसी ने सुना कि देवरी के वीर सपूत का पार्थिव शरीर रहा है वे ढेंगाडीह गांव में जुटने शुरू हो गये। रांची सीआरपीएफ 135 बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट सुभाष चन्द्र के नेतृत्व में जवानों ने परम्परागत रिवाज के तहत तिरंगे में लिपटे उनके पार्थिव शरीर को कांधा देते हुए सम्मान के साथ वाहन से नीचे उतारा और घर तक पहुंचाया।



गिरिडीह में शहीद जवान को मुक्तिधाम ले जाते फौजी।

## चौथी बार एशियन ट्रॉफी जीतने पर रैंकिंग में आया उछाल, खिलाड़ियों के हौसले बुलंद

# FIH RANKING में तीसरे पायदान पर पहुंचा भारत

**AGENCY NEW DELHI :** एशियन चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) में खिताबी जीत के बाद भारतीय हॉकी टीम रविवार को एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) की नवीनतम रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गयी है। एशियाई खेलों से पहले रैंकिंग में इस सुधार से भारतीय टीम का हौसला बढ़ेगा। भारत (2771.35 अंक) इंग्लैंड (2763.50 अंक) को पछाड़ कर एक स्थान के सुधार के साथ तीसरे स्थान पर पहुंचा। इस रैंकिंग में नीदरलैंड (3095.90 अंक) पहले और बेल्जियम (2917.87 अंक) दूसरे स्थान पर हैं। यह दूसरी बार है जब भारत एफआईएच रैंकिंग में तीसरे पायदान पर पहुंचा। भारतीय टीम ने 2021 में तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक हासिल करने के बाद यही रैंकिंग हासिल की थी। तोक्यो में भारत ने ओलंपिक में पदक के 41 साल के सूखे को खत्म किया था। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके शनिवार को मलेशिया को 4-3 से हराकर चौथी बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी प्रतियोगिता का खिताब जीता और 23 सितंबर से होने वाले हांगझोउ एशियाई खेलों के लिए अपनी तैयारियों का पुख्ता सबूत पेश किया। एसीटी की उपविजेता मलेशिया नौवें स्थान पर बरकरार है। इस रैंकिंग में कोरिया 11वें, पाकिस्तान 16वें स्थान पर है। टूनार्मेंट में तीसरी स्थान पर रही जापान की टीम रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ 18वें स्थान पर पहुंच गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी प्रतियोगिता में शानदार जीत के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि यह जीत खिलाड़ियों के अथक समर्पण, कठोर प्रशिक्षण और दृढ़ संकल्प को दशार्ती है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पहले ट्विटर) पर पोस्ट किया, 'एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी प्रतियोगिता में शानदार जीत पर हमारी पुरुष हॉकी टीम को बधाई! यह भारत की चौथी जीत है और हमारे खिलाड़ियों के अथक समर्पण, कठोर प्रशिक्षण और दृढ़ संकल्प को दशार्ती है। उनके असाधारण प्रदर्शन ने पूरे देश में अत्यधिक गर्व की भावना जगाई है। हमारे खिलाड़ियों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।'



जीत के बाद जश्न मनाती भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी ● एजेंसी

### ज्ञानवापी में 10वें दिन का सर्वे पूरा

**VARANASI :** ज्ञानवापी परिसर में लगातार दसवें दिन रविवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम ने वैज्ञानिक सर्वे की प्रक्रिया पूरी की। परिसर में सोमवार को भी सर्वे होगा, लेकिन श्रावणी सोमवार के कारण भक्तों की भीड़ के मद्देनजर यह निर्धारित समय 08 के बजाय 10.30 बजे से शुरू होगा। अवकाश के दिन निर्धारित समय पर ज्ञानवापी पहुंची एएसआई टीम ने परिसर के अलग-अलग हिस्से में टीम में बंट कर सर्वे किया। टीम ने परिसर में सील वजूस्थल को छोड़कर विशेषज्ञों के साथ तहखाना साफ होने के बाद उसकी बारीकी से जांच की। जीपीआर सर्वे के लिए चिह्नित स्थानों पर हाई कोर्ट के आदेश के अनुरूप कार्य पर जोर दिया।

# आदिवासी देश के असली हकदार : राहुल गांधी

**AGENCY WAYANAD :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वायनाड दौरे का आज दूसरा दिन है। उन्होंने डॉ. अंबेडकर डिस्ट्रिक्ट मेमोरियल कैंसर सेंटर में पावर फैसिलिटी का उद्घाटन किया। इसके लिए उन्होंने सांसद निधि से 50 लाख रुपए भी दिए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि उम्मीद है यह नई लाइन बिजली कटौती की परेशानी को खत्म कर देगी। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश में इस वक्त दो विचारधाराओं के बीच में जंग छिड़ी हुई है। हम आपको आदिवासी मानते हैं, यानी इस देश के असली हकदार। वहीं, दूसरी विचारधारा कहती है कि आप आदिवासी नहीं, वनवासी हैं। वे लोग आपको देश का असली स्वामी नहीं मानते। राहुल बोले, कुछ दिन पहले मेरी राजस्थान में बड़ी बैठक हुई थी, जहां मैंने आदिवासी समुदाय से बात की। मैंने उनसे उन दो विचारधाराओं के बारे में बात की, जो इस वक्त देश में एक-दूसरे के खिलाफ लड़ाई लड़ रही हैं।



BRIEF NEWS

### प्रतुल शाहदेव ने मेडिका पहुंचकर घायल राजेंद्र साहू का जाना हाल

**RANCHI:** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रविवार को लातेहार जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू पर हुए हमले की कड़ी निंदा की। वे मेडिका पहुंचे और घायल राजेंद्र साहू का इलाज कर रहे डॉक्टरों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लातेहार के बालूमाथ क्षेत्र में कार्य कर रहे कोयला व्यवसायियों को लगातार टारगेट किया जा रहा है। यह हमला इस क्षेत्र में संगठित अपराधियों के बढ़ते मनोबल को दिखा रहा है। प्रतुल ने कहा कि लातेहार पुलिस बालूमाथ क्षेत्र में कोयला व्यवसायियों को समुचित सुरक्षा प्रदान करे और इस इलाके में संगठित आपराधिक गिरोहों की बढ़ती गतिविधियों पर भी लगाम कसे। साथ ही कहा कि हाल ही में राज्य के गृह सचिव ने भी स्पष्ट किया है कि संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ अभियान चलाकर उनका खात्मा किया जाएगा। इसी आलोक में लातेहार, चतरा, रामगढ़, हजारीबाग जिलों में रंगदारी वसूल रहे इन गिरोहों के खिलाफ बड़ा अभियान चले।

### तिरंगा यात्रा में, वंदे मातरम के जयघोष से गूंजा भागलपुर

**BHAGALPUR:** आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिलाध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत 75 मीटर लम्बा तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिला स्कूल प्रांगण से शहर के खरमनचक रोड, भाभाशाह चौक, महाराज अग्रसेन चौक, अम्बेडकर चौक, लोहिया पुल, पटल बाबू रोड, घंटाघर चौक होते हुए तिरंगा यात्रा का आयोजन कर भाजपा कार्यकताओं ने प्रत्येक घर और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर तिरंगे लगाने का आग्रह किया। देश की स्वाधीनता में अपना प्राण न्योछावर करने वाले भामाशाह, डॉ भीमराव आंबेडकर, शहीद भगत सिंह, दीप नारायण सिंह जी की प्रतिमा पर नमन किया। भाजपा की तिरंगा यात्रा देशभक्ति के तरानों के साथ शहर के जिस मार्ग और चौराहे से गुजरी,वहां तिरंगा लिए देशभक्तों का लोगों ने दिल खोलकर स्वागत किया। यात्रा के दौरान छोटा-बड़े तिरंगे से लेकर विशालकाय तिरंगे की मौजूदगी ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। वंदे मातरम की गूंज के बीच भागलपुर के जनमानस ने भी उत्साह के साथ कदम बढ़ाए। रथ में सजी भारत माता के रूप में रिशु कुमारी और हाथों में तलवार लहरा कर आगे बढ़ रही रानी लक्ष्मीबाई के रूप में रचना साह विशेष आकर्षण का केंद्र रही। शिक्षण संस्थानों के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठन भी इस कार्य में बढ़-चढ़कर कर भाग लिया।

### मध्य प्रदेश के कई जिलों में प्रियंका गांधी, कमलनाथ व अन्य पर एफआईआर

**BHOPAL:** मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पूर्व कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रदेश में अधिकारियों द्वारा ठेकेदारों से 50 प्रतिशत कमीशन मांगने का एक पत्र सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कांग्रेस नेताओं ने इस मामले में ट्वीट किया था। इसके बाद भाजपा की शिकायत पर भोपाल और इंदौर समेत कई जिलों में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश, अरुण यादव, कांग्रेस नेत्री शोभा ओझा और पत्र जारी करने वाले ज्ञानेंद्र अवस्थी के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में एफआइआर दर्ज की गई है। दरअसल, सोशल मीडिया पर मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के न्यायाधीश के नाम लिखा गया एक पत्र वायरल हुआ था, जो कि लघु एवं मध्यम श्रेणी संविदाकार संघ के नाम से लिखा गया था। पत्र में फरियादी का नाम ज्ञानेंद्र अवस्थी दर्ज था। पत्र में ठेकेदारों को 50 प्रतिशत कमीशन देने पर ही भुगतान मिलने की बात कही गई है। प्रियंका गांधी समेत कांग्रेस नेताओं ने इस पत्र को ट्वीट किया था।

# बच्चों को ऐसे संस्कार दें कि वे अपनी संस्कृति राज्य और देश के लिए काम करें : अमित शाह

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गांधीनगर में NSG के क्षेत्रीय केंद्र का किया शिलान्यास

**AGENCY GANDHINAGAR:** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को गांधीनगर में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के क्षेत्रीय केंद्र और गुजरात सरकार के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस मौके पर एनएसजी के महानिदेशक एमए गणपति समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इससे पहले अमित शाह ने जीआईएचईडी-क्रेडाई की ओर से 450 सोसाइटी में आयोजित सामूहिक पौधरोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। 40 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले माणसा-बालवा 4 लेन रोड का शिलान्यास किया। माणसा में 2 करोड़ रुपये की लागत से बने उप रजिस्ट्रार कार्यालय का लोकार्पण किया। माणसा के चंद्रसर ग्राम में विकसित किए जा रहे तालाब का दौरा किया और मातृभूमि के लिए प्राणों को न्योछावर करने वाले वीरों को श्रद्धांजलि देने के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर ह्यमेरी माटी मेरा देशह्न अभियान के तहत माणसा में स्मारक पट्टिका का भी अनावरण किया। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि 15 अगस्त 2023 को आजादी का अमृत महोत्सव संपन्न हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव में वर्ष 1857 से 1947 तक देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान देने वाले सभी स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति समग्र देश के लोगों के मन में सम्मान और श्रद्धांजलि की भावना पैदा की है। शाह ने कहा कि जब वे माणसा के एक गांव में शहीद स्मारक का भूमिपूजन करने गए थे, तब पूरे गांव में 90 प्रतिशत लोगों को इस बात की जानकारी नहीं थी कि वर्ष 1857 के आंदोलन में इस गांव के 5 लोग शहीद हुए थे। उन्होंने कहा कि देश भर में स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े जो अनेक स्थान और शहीद विस्मृत थे, उनका स्मरण



शिलान्यास करते अमित शाह • फोटोन न्यूज

कर उन्हें चिरंजीवी बनाने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। अमित शाह ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव की पूर्ण आहुति के साथ ही आजादी के अमृत काल की शुरूआत हो रही है। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि 15 अगस्त 2047 तक हम रहें या न रहें लेकिन भारत माता अजर-अमर हैं। उन्होंने कहा कि भारत युगों-युगों से दुनिया का मार्गदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि अगले 25 वर्षों में भारत अंतरिक्ष, शिक्षा और सुरक्षा सहित हर क्षेत्र में प्रथम स्थान पर होगा। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के कार्यकाल दुनिया भर में भारत की अर्थव्यवस्था 11 वें नंबर पर थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया है। प्रधानमंत्री ने आह्वान किया है कि 2027 से पहले भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि हम में से बहुत सारे लोगों को आजादी के आंदोलन में भाग लेने और देश के लिए शहीद होने का मौका नहीं मिला लेकिन हमें देश के लिए जीने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि इसकी शुरूआत हमारे घर से होनी चाहिए। हमें अपने बच्चों को ऐसे संस्कार देने होंगे कि वे अपनी भाषा, साहित्य, संस्कृति, गांव, प्रदेश और देश के लिए जीएं। उन्होंने कहा कि जो अपनी भाषा, संस्कृति, गांव और प्रदेश को नहीं जानेगा वह देश को भी नहीं पहचानेगा और जो देश को नहीं पहचानेगा वह देश का भला कभी नहीं कर पाएगा। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि अगर हम अपनी 15 हजार वर्ष से भी अधिक पुरानी संस्कृति और इतिहास का परिचय अपने बच्चों और युवाओं को नहीं कराएंगे तो हमारी संस्कृति के विलुप्त होने की जिम्मेदारी सिर्फ और सिर्फ हमारी होगी। उन्होंने आग्रह किया कि आजादी के अमृत महोत्सव में हम यह संकल्प ले कि अपनी आनेवाली पीढ़ी को अपने देश के प्रति अक्षुण देशभक्ति औरअपनी भाषा एवं संस्कृति के लिए गौरव का संकल्प लेने के लिए प्रेरित करेंगे।

शाह ने कहा कि आज अनावरण की गयी स्मारक पट्टिका पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का एक उदगार है कि ह्लमेरे जीवन का क्षण-क्षण और मेरे शरीर का कण-कण इस देश के भले के लिए खर्च करने का मैं संकल्प करता हूंह्व। उन्होंने कहा कि अगर देश के 130 करोड़ नागरिक यह संकल्प लें तो देश बहुत आगे बढ़ेगा।

अब गुजरात में भी खुलेगा एनएसजी का रीजनल सेंटरः केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के क्षेत्रीय केंद्र का भूमिपूजन हुआ है। उन्होंने कहा कि एनएसजी के मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद और कोलकाता में चार रीजनल कार्यालय हैं और बहुत ही आनंद की बात है कि अब गुजरात में भी एनएसजी का रीजनल सेंटर खुलने वाला है। शाह ने कहा कि एनएसजी आतंकवाद से बखूबी निपटने वाली एक प्रमुख संस्था है। अपनी स्थापना से लेकर अब तक एनएसजी ने 100 से ज्यादा विशेष अभियान चलाकर और सैकड़ों आतंकवादियों को मौत के घाट उतारकर जनता को बचाने का कार्य किया है। एनएसजी ने मुंबई हमले सहित अनेक ऑपरेशन में शानदार काम किया है। श्री शाह ने कहा कि लेकावाडा में 60 एकड़ भूमि में बनने वाले रीजनल सेन्टर के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 400 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं और यह सेंटर 30 महीने में पूरा हो जाएगा। अमित शाह ने कहा कि आज माणसा के अनेकविध विकास कार्यों का भी शिलान्यास हुआ है। उन्होंने कहा कि मलाव, मालण और चंद्राणु,तीनों तालाब इतने विकसित होंगे कि 100 वर्ष बाद भी लोग माणसा को याद रखेंगे। माणसा के आसपास के सभी 9 तालाबों के वर्षा के पानी से भरने की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने कहा कि माणसा से गांधीनगर तक का फोरलेन मार्ग भी बनेगा और इसरोड के शुरू हो जाने के बाद लोग 15 मिनट में गांधीनगर और 30 मिनट में अहमदाबाद पहुंच जाएंगे।

# मिलन समारोह में कई युवाओं ने थामा आजसू पार्टी का दामन

## राजनीति की आलोचना करना आसान, लेकिन जमीनी स्तर पर काम करना कठिन: सुदेश महतो

**PHOTON NEWS RANCHI:** पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में रविवार को आयोजित मिलन समारोह में विभिन्न प्रोफेशन से जुड़े हुए युवाओं ने आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के समक्ष आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजनीति की आलोचना करना आसान है लेकिन राजनीति में आकर जमीनी स्तर पर काम करना कठिन। ऊपर से नीचे आना बड़ी बात है। आलोचना करने की जगह अपने राजनीति से जोड़ने का काम किया यह परिवर्तन की एक नई शुरूआत है।



नय सदस्यों के साथ सुदेश महतो • फोटोन न्यूज

उन्होंने कहा कि राजनीति में कठिन चुनौती है। लोगों की मानसिकता और विश्वास को जितना एवं प्रतिस्पर्धा में अपने आप को खड़ा करना कठिन चुनौती है। झारखंड के लोगों में उनके जीवन स्तर में कैसे परिवर्तन लाया जा सकता है? आपके राजनीतिक भागीदारी से सकारात्मक बदलाव एवं स्वस्थ राजनीति स्थापित करने में बल मिलेगा। आपके शामिल होने से देश और राज्य को बेहतर बनाने के दिशा में बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज की राजनीति दूसरों की गलतियों से चल रही है। चुनाव लड़ने वाले नेता यह सोच कर बैठा है कि सामने वाला गलती करेगा तो उसका फायदा हम उठाएंगे लेकिन हमारी पार्टी अपनी काबिलियत के दम पर चुनाव लड़ती है। अपने राजनीतिक जीवन के अनुभवों को राज्य के भलाई में लगाना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। हमारी पार्टी सत्ता के लिए जनता की सेवा नहीं करती हम सरकार में हो या न हो जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। जितने ज्यादा लोग जुड़ेंगे और अपने-अपने क्षेत्र में काम करेंगे विकास की रफ्तार उतनी ही तेज होगी।

पार्टी में शामिल हुए सीएस रोहित प्रकाश प्रीत ने कहा कि सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों से प्रभावित हो कर आज पार्टी में शामिल हो रहा हूं। सिल्ली विधानसभा में शिक्षा, खेल, रोजगार, स्वास्थ्य सभी क्षेत्रों में काफी काम हुए हैं। सिल्ली पूरे राज्य में विकास के एक मॉडल की तरह है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के गांव से आई आईटी प्रोफेशनल मोनिका मुर्मू ने कहा कि पार्टी में शामिल हो कर अपने ज्ञान से जरूरतमंद बच्चों को टेक्नोलॉजी में समृद्ध बनाना चाहती हूं ताकि हमारे राज्य के बच्चे आगे चल कर इस क्षेत्र में अपना और राज्य का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत, बुद्धिजीवी मंच के प्रदेश अध्यक्ष डोमन मुंडा, मुकुलचंद्र मेहता

# विधायक लोबिन हेंब्रम की सुरक्षा में तीर-कमान से लैस गार्ड तैनात

**PHOTON NEWS RANCHI:** राज्य सरकार से सुरक्षा व्यवस्था नहीं मिलने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने तीर और कमान से लैस एक गार्ड को निजी सुरक्षा में तैनात किया है। धनुषधारी गार्ड लेकर चलने का उनका वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। लोबिन साहिबगंज जिले के बोरिओ विधान सभा क्षेत्र से सत्तारूढ़ झामुमो के विधायक हैं। विधायक लोबिन हेम्ब्रम हेमंत सरकार के गठन के बाद से ही लगातार सरकार से ही नाराज चल रहे हैं और अपनी ही सरकार को घेरने का कोई मौका नहीं चूकते हैं। कभी आरोप लगाते हैं कि सरकार को आदिवासियों के हितों का ध्यान नहीं है, तो कभी अवैध खनन के मुद्दे पर अपने ही सत्ता के खिलाफ सदन से लेकर सड़क तक



अपने गार्ड के साथ विधायक लोबिन हेंब्रम • फोटोन न्यूज

आवाज बुलंद करते रहे हैं। पत्रकारों से बात करते हुए रविवार को विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने कहा कि उनके सही और जनहित के मुद्दे उठाने से सरकार नाराज हो गई और श्रावणी मेला से पहले उनकी सुरक्षा को हटा दिया गया। उन्होंने कहा, हाउस गार्ड भी हटा लिया गया था। लिहाजा विधानसभा के मानसून सत्र में ये मामला उन्होंने सदन में उठाया था। पहले मैंने डीजीपी को पत्र लिखा था, जिसका कोई लाभ नहीं हुआ। सदन में बात उठने के बाद स्पीकर ने संसदीय कार्य मंत्री से इस बात का सज्ञान लेने के लिए कहा था। लोबिन ने कहा कि ऐसे में वो अब तीर-धनुषधारी सुरक्षा गार्ड रखने को मजबूर हुए हैं।

# राष्ट्रीय तेली साहू संगठन के बैनर तले हेमंत सरकार का किया पुतला दहन

**PHOTON NEWS RANCHI:** तेली समाज के लोगों की लगातार हो रहे हत्याओं से आक्रोशित तेली समाज के लोगों ने राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के बैनर तले रविवार को राजधानी रांची के अल्बर्ट एक्का चौक के समीप राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सरकार का पुतला दहन किया। मौके पर संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने कहा कि 11 अगस्त को अज्ञात अपराधियों के द्वारा राजधानी राँची के बीचों-बीच जूस विक्रेता मुकेश कुमार साहू और रोहन कुमार साहू की गोली मारकर हत्या कर दी गई। 12 अगस्त को कोयला व्यवसाय राजेंद्र प्रसाद साहू के ऊपर जानलेवा हमला हुआ, इससे पूर्व माही रेस्टोरेंट के मालिक की हत्या हुवी। 2022 में भी तेली समाज के आठ लोगों के हत्याएं हुई थी। इससे स्पष्ट हो जाता है कि हेमंत सरकार में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। और तेली समाज के प्रति सरकार पूरी तरह



पूतला दहन करते संगठन के लोग • फोटोन न्यूज

उदासीन है। पुतला दहन कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन राज्य के मुखिया हेमंत सरकार से मांग करती है कि हत्यारो और हमलावरों की गिरफ्तारी अभिलंब की जाए अन्यथा आगे उग्र आंदोलन करने को हमारी। संगठन बाध्य होगी। पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची जिला अध्यक्ष कुंज बिहारी साहू, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष श्री हरिनाथ साहू, रामविलास साहू, बलदेव साहू, अजीत साहू, संजय साहू, शत्रुघ्न साहू, पंकज साहू, रूपेश साहू, कपिल साहू, छात्रधारी साहू, सुखदेव कुमार सहित दर्जनों राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल थे।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली बाइक रैली

**PHOTON NEWS RANCHI:** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भाजपा की ओर से रविवार को जिला मुख्यालय के अलावा सभी प्रखंडों में तिरंगा यात्रा निकाली गई और देश के लिए कुबार्नी देने वाले शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तोरपा में आयोजित कार्यक्रम में विधायक कोचे मुंडा ने सहित अन्य कार्यकताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस, भगवान बिरसा मुंडा और शहीद बाल्टर गुड़िया की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर विधायक ने कहा कि देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वालों का सम्मान सिर्फ भाजपा ही करती है। उन्होंने कहा कि लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिए केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा लगाने का अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा तोरपा मंडल अध्यक्ष पुरेंद्र मांझी ने की। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य



रैली में शामिल भाजपा के सदस्य • फोटोन न्यूज

संतोष जयसवाल, जिलाध्यक्ष, मुकेश गुप्ता के बलावा विदेश मेहमान रोबेटा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। शाम को भाजपा कार्यकताओं ने तोरपा में तिरंगा बाइक रैली निकाली।

## यात्रा का दूसरा चरण 23 से 27 अगस्त तक हुआ निर्धारित, मधुपुर, जरमुंडी व अन्य विधानसभा क्षेत्र की होगी जनसभा

# 17 अगस्त से 10 अक्टूबर तक सात चरणों में निकलेगी बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा

**PHOTON NEWS RANCHI:** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि भाजपा सदन से सड़क तक राज्य सरकार की विफलताओं को उजागर कर रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी राज्य को भय, भूख, भ्रष्टाचार और कुशासन से मुक्त कराने के संकल्प के साथ राज्य के सभी 24 जिलों के 263 प्रखंडों की यात्रा करेंगे। यात्रा सात चरणों में होगी। सभी चरणों के लिए अलग-अलग यात्रा संयोजक एवं टोली बनाई गई है। वर्मा ने कहा कि यात्रा के प्रथम चरण में प्रदेश अध्यक्ष 17 अगस्त को झारखंड के अमर शहीद सिदो कान्हो की जन्मभूमि भोगना डीह में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि




संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते भाजपा के सदस्य • फोटोन न्यूज

अर्पित कर यात्रा का शुभारंभ करेंगे। प्रत्येक दिन दो विधानसभा क्षेत्रों में अलग-अलग जनसभा होगी। शिवगादी धाम में पूजा-अर्चना के बाद प्रदेश अध्यक्ष 17 अगस्त को पहली जनसभा बरहेट में करेंगे।

यात्रा का पहला चरण 17 से 20 अगस्त तक चलेगा, जिसमें बरहेट, बोरियो, राजमहल, महगामा, गोड्डा, पोड़ैयाहाट, महेशपुर, लिट्टीपाड़ा, पाकुड़ की जनसभा होगी। प्रथम चरण में यात्रा के संयोजक विधायक अनंत ओझा हैं। उनकी टोली में सरोज सिंह, विधायक अमित मंडल, बबलू भगत, मिस्त्री सोरेन और सत्येंद्र सिंह शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा का दूसरा चरण 23 अगस्त से 27 अगस्त तक निर्धारित है, जिसके संयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद शर्मा हैं। उनकी टोली में वीरेंद्र मंडल, लुईस मरांडी, राधा रानी, अमिता रक्षित, निवास मंडल और विधायक रणधीर सिंह शामिल हैं। दूसरे चरण में मधुपुर, सारठ, देवघर, जरमुंडी, शिकारीपाड़ा, जामा, दुमका, नाला, जामताड़ा, टुंडी विधानसभा क्षेत्र की जनसभा होगी। तीसरा चरण चार से छह सितंबर तक आयोजित है, जिसके संयोजक विधायक केदार हाजरा बनाए गए हैं तथा उनकी संयोजन टोली में योगेंद्र प्रताप सिंह, विनय शर्मा, नागेंद्र महतो, रमेश सिंह, कुमकुम देवी, उदय सिंह और छोटेलाल यादव शामिल हैं। इसमें जमुआ, धनवार, कोडरमा, बरही, बरकट्ठा, बगोदर की जनसभा होगी। वर्मा ने कहा कि यात्रा का चौथा चरण नौ से 16 सितंबर तक है, जिसके संयोजक प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय बनाए गए है। उनकी टोली में मनोज सिंह, अमित सिंह, जवाहर पासवान, शशिभूषण भगत, विधायक भानु प्रताप शाही, राजधानी यादव, प्रभात भुइयां बिपिन बिहारी सिंह शामिल हैं। चौथे चरण में हजारीबाग, बड़कागांव, मांडू, रामगढ़, सिमरिया, चतरा, पांकी, डाल्टनगंज, हुसैनाबाद, छत्तरपुर, विश्रामपुर,गढ़वा और भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की सभा होगी। पांचवें चरण की यात्रा 18 से 24 सितंबर तक आयोजित है, जिसके संयोजक विनय लाल हैं। इनकी टोली में मुनेश्वर साहू, राकेश भास्कर, जेबी तुबिद, गीता बालमुचू, संजू पांडेय, उदय

# संकल्प की सिद्धि में तन मन से जुट जाएं कार्यकर्ता : लक्ष्मीकांत




बैठक को संबोधित करते डॉ लक्ष्मीकांत • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI:** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी रविवार को नई दिल्ली से रांची पहुंचे। एयरपोर्ट पर उनका स्वागत प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डु ,महानगर जिला अध्यक्ष के-के गुप्ता सहित महानगर के कार्यकताओं ने किया। प्रदेश कार्यालय में प्रदेश मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने डॉ वाजपेयी का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए वाजपेयी ने कहा कि यह संकल्प यात्रा राज्य में परिवर्तन लाने की यात्रा है। यह राज्य को कुशासन और भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने की यात्रा है। उन्होंने कहा कि पूरी पार्टी प्रदेश को अराजकता इस मुक्ति दिलाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में संकल्पित है। हम सभी कार्यकताओं को इस संकल्प को सिद्धि में बदलने के लिए कमर कसने की आवश्यकता है। हमें संकल्प की सिद्धि को सुनिश्चित करना है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा राज्य के सवा तीन करोड़ जनता की भावनाओं की अभिव्यक्ति है। जनता की आवाज भाजपा है। उन्होंने संकल्प यात्रा के गांव गांव घर घर की सहभागिता सुनिश्चित कराने का आह्वान किया।

BRIEF NEWS

## झारखंड पुलिस अकादमी में पदस्थापित डीएसपी की इलाज के दौरान मौत

RANCHI : झारखंड पुलिस के डीएसपी अजीत कुमार सिन्हा की इलाज के दौरान मौत हो गई। 2013 बैच के डीएसपी अजीत कुमार सिन्हा वर्तमान में झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग में पदस्थापित थे। जानकारी के मुताबिक अजीत कुमार सिन्हा लंबे समय से बीमार थे। उनका रांची के मेडिका अस्पताल में इलाज चल रहा था। अजीत कुमार सिन्हा की शनिवार देर रात मौत हो गयी। उनके मौत की खबर सुनते ही पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई।

## कांके-पंडरा फोरलेन सड़क के लिए 9.758 एकड़ भूमि का होगा अधिग्रहण

RANCHI : कांके से पंडरा तक बनने वाली फोरलेन सड़क निर्माण के लिए भू-अर्जन की प्रकिया शुरू हो गई है। इसे 9.758 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। इसे लेकर रांची जिला भू-अर्जन कार्यालय के द्वारा आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के द्वारा किसी भी दिन किया जा सकता है। अधिग्रहण की जाने वाली जमीन की खरीद बिक्री नहीं होगी। अधिसूचना प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के अंदर किसी भी व्यक्ति को इसे लेकर आपत्ति हो, तो जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के कार्यालय में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। जमीन अधिग्रहण को लेकर रांची जिला भू-अर्जन शाखा 28 जुलाई से दो अगस्त तक तीन अंचलों (हेहल, रातू और कांके) में जनसुनवाई का आयोजन किया गया था।

## शिक्षकों का निर्णय, टैब देने के बाद ही बनाएंगे बायोमैट्रिक हाजिरी

RANCHI : झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा ने बायोमैट्रिक हाजिरी बनाने को लेकर साफ कह दिया है कि विभाग द्वारा टैब देने के बाद ही शिक्षक बायोमैट्रिक हाजिरी बनाएंगे। निजी मोबाइल से हाजिरी बनाने का बहिष्कार किया जाएगा। मोर्चा ने ई-विद्यावाहिनी के नये वर्जन की खामियों को दूर करने की मांग भी की। मोर्चा ने सचिव द्वारा 11 अगस्त, 2023 को निर्गत पत्र के आधार पर मीडिया में प्रमुखता से ई विद्यावाहिनी एप में छेड़छाड़ और हाजिरी बनाने में फजीर्वाड़ा संबंधी खबर पर चिंता जताई। मोर्चा के संयोजक विजय बहादुर सिंह, अमीन अहमद एवं प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार दास ने पूछा कि आखिर किस परिस्थिति में शिक्षकों को निजी मोबाईल से बायोमैट्रिक उपस्थिति बनाने के नाम पर नित नये-नये प्रयोग शिक्षा विभाग कर रहा है। मोर्चा के पदधारियों ने कहा कि हाल में जारी नये ई विद्यावाहिनी एप 2. 2. 6 में मैनुअल उपस्थिति बनाने के विकल्प को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है।

## लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने छाता बांटा

RANCHI : लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने रविवार को वन मल्टीपल वन एक्टिविटी के तहत अपर कोचा लोहाडीह नामकुम में ग्रामीणों के बीच 100 छाता का वितरण किया। यह जानकारी लायंस क्लब ऑफ ईस्ट के पीआरओ आशुतोष द्विवेदी ने दी। इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयर पर्सन लायन अंजना गट्टानी, चेयरमैन राम बालक वर्मा, अध्यक्ष नरेश कुमार, सचिव विजया केडिया, कोषाध्यक्ष नीरज कांत शाहा, कैबिनेट सेक्रेटरी सुनील केडिया, दिवाकर राजगढ़िया, रतन अग्रवाल,राम कृष्ण सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## रिम्स गर्ल्स हॉस्टल की नहीं बदली सूरत, रहने लायक नहीं हैं कमरे

PHOTON NEWS RANCHI : रिम्स में मारपीट की घटना के बाद प्रबंधन ने 20 जुलाई को एमबीबीएस और बीडीएस के छात्र-छात्राओं को हॉस्टल खाली करने का निर्देश दे दिया। दलील दी गई कि नए सिरे से हॉस्टल का आवंटन होगा और जर्जर हॉस्टल के कमरों की रिपेयरिंग होगी। इन सबके बीच प्रबंधन ने 7 अगस्त से बीडीएस छात्र-छात्राओं को हॉस्टल आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। छात्राओं में इस बात को लेकर नाराजगी है कि प्रबंधन ने हॉस्टल रिपेयरिंग की बात कही थी, लेकिन हॉस्टल रिपेयरिंग नहीं किया गया।



### छोटे-छोटे कमरों में रखे जा रहे 2 से 4 स्टूडेंट्स

नाम ना लिखने की शर्त पर छात्राओं ने कहा कि गर्ल्स हॉस्टल-5 का कमरा रहने लायक नहीं है। सीलिंग में दरार है। यह कभी भी गिर सकता है। रूम में सीपेज है। ऐसी स्थिति में रहेंगे तो तबीयत खराब होगी। साथ ही नए सिरे से हॉस्टल के आवंटन से पूर्व कहा गया था बैच के अनुसार हॉस्टल का आवंटन होगा। लेकिन आवंटन के वक्त सीनियर जूनियर को एक साथ मिलाकर रखा जा रहा है। छोटे कमरे में 2 से 4 छात्राओं को रखा जा रहा है। रांची के रहने वाले छात्र-छात्राओं को हॉस्टल में कमरा नहीं दिया जा रहा है। इस वजह से उन्हें हर रोज आने-जाने में परेशानी हो रही है। वहीं बिना रूम आवंटन के क्लास शुरू कर दिया गया है। जिससे रात में रुकने की जगह नहीं मिल रही है। छात्रों ने डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया के सर्कुलर का हवाला देते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं के बढ़ने पर सुविधा बढ़ाने का जिक्र है, लेकिन यहां इसके ठीक विपरीत हो रहा है।

# हेमंत सोरेन ने 'MALL OF RANCHI' का किया उद्घाटन, टिकट खरीद देखी फिल्म गदर-2

PHOTON NEWS RANCHI : शहर के रातू रोड स्थित मॉल ऑफ रांची का उद्घाटन रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पत्नी कल्पना सोरेन ने दीप जलाकर किया। उद्घाटन के बाद हेमंत सोरेन ने काउंटर से गदर-2 का टिकट खरीदा और हॉल में बैठकर फिल्म देखी। पत्रकारों ने मुख्यमंत्री से पूछा कि आखिरी बार उन्होंने अपनी पत्नी के साथ फिल्म कब देखी थी। इस पर हेमंत सोरेन ने जवाब दिया कि मैं इतनी जिम्मेदारी लेकर चल रहा हूं कि बताना मुश्किल है। गदर-2 के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें सभी पुराने कलाकार पसंद हैं। इस मौके पर फिल्म निमार्ता प्रकाश झा सहित अन्य लोग मौजूद थे।



रीबन काटकर मॉल ऑफ रांची का उद्घाटन करते सीएम हेमंत सोरेन।



मॉल ऑफ रांची में सेल्फी लेते सीएम हेमंत सोरेन व कल्पना सोरेन।

### मॉल ऑफ रांची की खासियत

आकाशवाणी के सामने, रांची रातू रोड स्थित मॉल ऑफ रांची की खास बात यह है कि इस मॉल में देश-विदेश के नामी ब्रांडों के शोरूम हैं। मॉल ऑफ रांची के निदेशक नीतीश अग्रवाल ने बताया कि यह मॉल 2.5 लाख स्क्वायर फीट में बना है। इस मॉल में बड़े ब्रांड्स के शोरूम के अलावा मॉडर्न गेम जोन, फूड जोन, 4/4 सिनेमा स्क्रीन, लाइफस्टाइल और फैशन की दुकानें आदि उपलब्ध हैं। अग्रवाल ने बताया कि मॉल ऑफ रांची के छठे फ्लोर पर ईस्ट इंडिया का सबसे बड़ा और नवीनतम गेमिंग जोन है। स्टारकेड सेंटर भी झारखंडवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। वहीं प्रकाश झा की सिनेमा स्क्रीन्स पीजेपी सिनेमा दर्शकों का खूब मनोरंजन करेगी। मॉल ऑफ रांची 8 फ्लोर में बना है। यह सेंट्रली वातानुकूलित है। इसमें लिफ्ट और एक्सीलेटर की सुविधा है। मॉल में आने वाले लोगों को पार्किंग की दिक्कत न हो इसके लिए दो फ्लोर में पार्किंग की विशेष व्यवस्था की गयी है। इस मॉल में बच्चों से लेकर बुजुर्गों और युवक-युवतियों तक की सुविधाओं और मनोरंजन का ख्याल रखा गया है। कुल मिलाकर ऐसो आराम से लेकर आधुनिक जीवनशैली तक के हर संसाधन यहां उपलब्ध होंगे। यहां बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक की सुविधाओं और मनोरंजन का काफी ख्याल रखा गया है। इसके साथ ही प्रबंधकों का विशेष ध्यान जनता की सुरक्षा, सुविधा, समुचित साफ-सफाई और मॉल के रख-रखाव पर रहेगा। मॉल ऑफ रांची पूर्वी भारत का सबसे बड़ा और विशाल गेमिंग जोन है, जहां सभी उम्र के गेमिंग प्रेमी लाभ उठा सकेंगे।

# स्वंतत्रता दिवस से तीन दिन तक बरसेगा बदरा, यलो अलर्ट जारी

## कृषि और बागवानी फसल को हो सकता नुकसान, जलजमाव की भी हो सकती समस्या

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में 15 अगस्त स्वंतत्रता से तीन दीन तक भारी बारिश का अलर्ट मौसम विभाग ने जारी किया है। भारत मौसम विज्ञान केंद्र के रांची स्थित मौसम केंद्र ने इस संबंध में यलो अलर्ट जारी किया है। रविवार को जारी स्पेशल बुलेटिन में मौसम विभाग ने कहा है कि झारखंड में 15 अगस्त से 17 अगस्त 2023 तक भारी वर्षा की संभावना है। इन तीन दिनों तक लोगों को सावधान और सतर्क रहना चाहिए। कुछ विशष बातों का ध्यान रखने की सलाह भी मौसम केंद्र ने दी है। मौसम केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त 2023) को प्रदेश के दक्षिण-पूर्वी और उससे सटे इलाकों में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है। दक्षिण पूर्वी इलाकों में कोल्हान प्रमंडल के तीन जिलों (पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां) के अलावा सिमडेगा जिला भी आता है। इनके साथ-साथ राजधानी रांची, रामगढ़, बोकारो और धनबाद में भी वर्षा होने की प्रबल संभावना है। झारखंड में पिछले 24 घंटे के दौरान कई जगहों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई। राज्य में मानसून की गतिविधि सामान्य रही। सबसे अधिक 44 मिलीमीटर वर्षा गिरिडीह जिले के नंदाडीह में हुई। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 34.2 डिग्री सेंटीग्रेड डालटेनगंज में और सबसे कम न्यूनतम तापमान 24 डिग्री राजधानी रांची में दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने संभावित वर्षा वाले जिलों में बारिश के असर के बारे में बताया है, तो उससे बचने का परामर्श भी जारी किया है। कहा है कि वर्षा की वजह से कृषि और बागवानी फसल को नुकसान हो सकता है। अगर नये पौधे लगाये गये हैं, तो उसको भी मामूली नुकसान हो सकता है। जिन इलाकों में भारी वर्षा होगी, वहां जलजमाव की समस्या हो सकती है। मौसम केंद्र ने 16 और 17 अगस्त को भी कुछ-कुछ जगहों पर भारी वर्षा होने की संभावना जतायी है। कहा है कि 16 अगस्त को झारखंड के पश्चिमी हिस्से में यानी गढ़वा, पलामू, लातेहार, गुमला, लोहरदगा, खूंटी और पश्चिमी सिंहभूम में कहीं-कहीं भारी वर्षा हो सकती है। 17 अगस्त को भी पश्चिमी झारखंड के साथ-साथ उससे सटे मध्य भागों में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है। इसलिए किसानों को परामर्श दिया जाता है कि अपने खेतों से जल निकासी की उचित व्यवस्था कर लें। अगर फल और सब्जियां परिपक्व हो गयीं हैं, तो उसे तोड़कर सुरक्षित जगहों पर रख लें। जिन इलाकों में जलजमाव होता हो, उन इलाकों में तब तक जाने से बचें, जब तक पानी की निकासी न हो जाये।



शनिवार को हुई बारिश से सड़कों पर जलजमाव ● फोटोन न्यूज

### आठ अगस्त तक हुई पर्याप्त बारिश

झारखंड में 30 जुलाई से मॉनसून दोबारा सक्रिय हुआ है। आठ अगस्त तक राज्य के लगभग सभी हिस्सों में अच्छी वर्षा भी हुई। करीब 70 प्रतिशत हिस्सों में धनरोपनी हो चुकी है। इससे पहले जून-जुलाई महीने में मानसून के कमजोर पड़ने से वर्षा नहीं हुई थी और खेतों में दरारें पड़ चुकी थी। पूरे राज्य में 8 अगस्त तक पर्याप्त वर्षा हुई। इसके बाद राज्यभर में किसानी को राहत मिली है। जुलाई और अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में हुई झमाझम वर्षा से रोपनी आसान हो गई। पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो सबसे अधिक वर्षा दुमका के खुसियारी में रिकार्ड की गई। जबकि सबसे अधिक अधिकतम तापमान 36 .1 डिग्री सेल्सियस देवघर का और सबसे कम न्यूनतम तापमान 23 .8 डिग्री रांची का रिकॉर्ड किया गया। वर्षा की बात करें तो अब तक पूरे राज्य में सामान्य से 37 मिमी वर्षा कम हुई है।

# जूस दुकान संचालक ने दोहरे हत्याकांड को दिया था अंजाम

## सीसीटीवी से खुलासा, आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

CRIME REPORTER RANCHI : रांची पुलिस ने एदलहातू में हुए दोहरे हत्याकांड का खुलासा तो कर लिया है लेकिन आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। सीसीटीवी में खुलासा हुआ है कि अशोक गुप्ता ने अपने एक साथ के साथ मिलकर मुकेश और रोहन को गोली मार कर हत्या की थी। पहले मुकेश को गोली मारी गई थी। रोहन ने शोर मचाना शुरू किया तो उसे भी गोली मार दी गई। हत्याकांड को अंजाम देने के बाद दोनों शूटर रांची से फरार हो गए हैं। पुलिस का कहना है कि अशोक के साथ दूसरे शूटर की भी पहचान हो गई है। दोनों घटना को अंजाम देने के बाद सीमावर्ती इलाकों में गए हैं। पुलिस सीमावर्ती इलाकों में छापेमारी कर रही है। पुलिस को यह भी सूचना मिली है कि दोनों आरोपित अपने कुछ रिश्तेदारों के घर गए थे लेकिन वहां से भी दोनों भाग निकले। सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार ने बताया कि जूस दुकान को लेकर अशोक और मुकेश में विवाद था। पुलिस दोनों शूटरों को पकड़कर जल्द ही पूरे मामले का खुलासा करेगी।

### शहर में कई जगहों पर लगे सीसीटीवी फुटेज में अशोक गुप्ता का चेहरा हुआ कैद

पुलिस का कहना है कि मुकेश और रोहन की हत्या करने के बाद भागने के दौरान अशोक गुप्ता का चेहरा कई जगहों पर लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ है। पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि अशोक गुप्ता अपने ब्लू रंग के बुलेट से घटना को अंजाम देने के बाद उसी से फरार हुआ है।

इधर, एदलहातू में मुकेश और रोहन की हत्या होने के बाद झारखंड तेलिक साहू सभा ने रविवार को जयपाल सिंह स्टेडियम से मेन रोड तक मशाल जुलूस निकाला। मेन रोड में पुतला दहन किया गया। जुलूस में शामिल लोगों का कहना था कि हत्यारों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द हो। दुकानदारों की इस प्रकार हत्या होने से सभी दुकानदारों में काफी रोष है। पुलिस ने लोगों को आश्वासन दिया है कि गोली मारने वालों की पहचान हो गई है। जल्द ही पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजेगी।

# तिरंगा राष्ट्र निर्माण में हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है : DR. BK AGARWAL

PHOTON NEWS RANCHI : कांके स्थित बिरसा कृषि विवि में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अधीन हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत की गयी। इसके तहत बीएयू के कृषि एवं वानिकी संकाय के विद्यार्थियों ने रविवार सुबह प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी विवि मुख्यालय से कृषि संकाय स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थल तक निकाली। इसमें विवि की सुरक्षा में जुड़े पुरुष और महिला जवान भी शामिल हुए। इस दौरान छात्रों ने हमारा तिरंगा हमारी शान, महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, सरदार पटेल, जवाहर लाल नेहरु, भगवान बिरसा मुंडा, अटल बिहारी बाजपेयी आदि अमर रहे के नारे लगाए। लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत करने की पहल की। कार्यक्रम का नेतृत्व निदेशक छात्र कल्याण डॉ बीके अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर डॉ अग्रवाल ने कहा कि आजादी के 76वें वर्ष के दौरान एक राष्ट्र के रूप में तिरंगे झंडे को सामूहिक रूप से घर पर लाने का प्रयास ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। तिरंगा हमारी राष्ट्रीय शान है। तिरंगा न केवल भारत के हर एक नागरिक से व्यक्तिगत संबंध का प्रतीक है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण में हमारी प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है। एनएसएस को-ऑर्डिनेटर डॉ बीके झा ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान की पहल लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जागृत करने और भारत के राष्ट्रीय झंडे के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए की गई है। इस अभियान के तहत विवि छात्रों के द्वारा सोमवार को प्रातः 11 बजे भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थल से हर घर तिरंगा रैली निकाली जायेगी। अपराह्न तीन बजे कृषि संकाय प्रेक्षागृह में स्वतंत्रता आंदोलन एवं देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्रों द्वारा प्रस्तुत किये जायेंगे।

## 20 अगस्त को निकाली जाएगी पहाड़ी मंदिर की कांवड़ यात्रा

RANCHI : श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर का बाल कांवड़ यात्रा को लेकर समिति के अध्यक्ष राजेश साहू के अध्यक्षता में रविवार को पहाड़ी मंदिर प्रांगण में बैठक हुई। इस अवसर पर 20 अगस्त को होने वाले बाल कांवड़ यात्रा को लेकर चर्चा हुई। पूरे देश मे पहाड़ी बाबा पर जलाभिषेक किया जाएगा। जिसमे पंजीकृत लोग ही एक न्यूनतम शुल्क के माध्यम से इसमें भाग ले सकते हैं। सबका ड्रेस और पूजा सामग्री, कांवड़, दूध, नास्ता, फूल, लोटा महासमिति के तरफ से दिया जाएगा। जिसमें शिव-पार्वती के स्वरूप होंगे।

# नागपुरी गीतकार शिव कुमार महली की मौत

PHOTON NEWS RANCHI : आधुनिक नागपुरी गीतकार शिव कुमार महली उर्फ डब्बू का निधन रविवार को लालपुर में स्थित आवास में हो गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि दिल का दौरा पड़ने या ब्लड प्रेशर कम होने के कारण निधन हुआ है। 20 वर्षों से आधुनिक नागपुरी गीत लिख रहे थे। गायक मनोज शहरी के अधिकांश सुपरहिट गानों (चल तो गुइया रे अंबा बगीचा, टुकुर टुकुर देखेला रे, ए हमर पूनम रे, बड़ गुईया दिला मांगे) के अलावा गायक पवन कुमार राय, मोनिका मुंडू ,ज्योति साहू, इगनेश कुमार, कुमार प्रीतम जैसे कई प्रख्यात गायकों के कई सुपरहिट गाने (फूल कुमारी रे, ए सहिया रे अंचरा के धीरे) काम किया। अपना सारा जीवन नागपुरी गीतों के प्रति समर्पित था और कोई दूसरा आय स्त्रोत नहीं था। अपने पीछे अपनी धर्मपत्नी एवं दो बेटी छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार धोबी घाट मसना में किया गया।



शिव कुमार महली की फाइल फोटो।

उनके अंतिम संस्कार में झालीवुड के संगीतकार जयकांत इंदुआर, बुबई राय गायक प्रीतम कुमार,एग्नेश कुमार,राजू केरकेट्टा,मनोज शहरी ,सूरज महली,मनवीर नायक,प्रीतम राज,सुनील बेदिया,पंकज उरांव ,सुधीर महली, सिक्की राजा, वीडियो के क्षेत्र से मोनू राज,सोनू कुमार,रंजीत रंजन ,आकाश लोहारा,सनी मंडल ,राकेश मुंडा,के साथ साथ उद्घोषक राज मोरया एल्बम निमार्ता व अन्य कलाकार और परिवारजनों के अलावा उनके गांव वाले सम्मिलित हुए। जयकांत ने बताया कि डब्बू का जन्म 23 मार्च 1987 हुआ था। उनके निधन से नागपुरी फिल्म जगत में शोक की लहर है।

## डीआईजी अनूप बिरथरे, उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा व एसएसपी किशोर कौशल ने की अगुवाई

# स्वतंत्रता दिवस समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल

PHOTON NEWS RANCHI : स्वतंत्रता दिवस पर मोरहाबादी मैदान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झंडोत्तोलन करेंगे। झंडोत्तोलन समारोह को लेकर रविवार को फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। डीआईजी अनूप बिरथरे, उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल की अगुवाई में फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। इस दौरान स्वतंत्रता दिवस को होने वाले कार्यक्रमों को दोहराया गया। स्वतंत्रता दिवस पर मोरहाबादी मैदान में आयोजित झंडोत्तोलन समारोह के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों की ज्वाइंट ब्रीफिंग की हुई। इस दौरान पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों को उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक की ओर से निकाले गए संयुक्तादेश के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को ससमय प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचकर कार्य एवं दायित्व का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त प्रशासनिक-पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल, कार्य एवं दायित्व को ठीक तरह से समझ लें। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को मुख्य अतिथियों को ससमय कार्यक्रम स्थल लाने का कार्य सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी गणमान्य लोगों को ससम्मान उनके प्रकोष्ठ में बैठायें। ब्रीफिंग के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कार्यक्रम में आने वाले सभी आगंतुकों की जांच गंभीरता से करें। कोई भी अवांछित व्यक्ति आपत्तिजनक सामग्री लेकर समारोह स्थल में प्रवेश न करें।



फुल ड्रेस रिहर्सल का जायजा लेते डीआईजी, उपायुक्त और एसएसपी।

### समारोह में ये प्लाटून लेंगे हिस्सा

स्वतंत्रता दिवस समारोह के परेड में सीआरपीएफ, आईटीबीपी, सीआईएसएफ, एसएसबी, उत्तर प्रदेश पुलिस, झारखंड जगुआर, जैप-1, जैप-1 का एक प्लाटून बैंड पार्टी, जैप-10 का एक प्लाटून एवं एक प्लाटून बैंड पार्टी, जैप-2 का एक प्लाटून, रांची पुलिस (महिला), रांची पुलिस (पुरुष), होमगार्ड, एनसीसी एसआर - एक प्लाटून (गर्ल्स) और एनसीसी एसआर एक प्लाटून (ब्वॉयज) भाग लेंगे। परेड का समादेशन कुमार शिवाशीष करेंगे। सुबोध कुमार गुप्ता प्रवर-द्वितीय पुलिस केन्द्र परेड का द्वितीय समादेशन करेंगे।

# LALPUR के नए थाना प्रभारी बने आदिकांत महतो

CRIME REPORTER RANCHI : शहर के एसएसपी किशोर कौशल ने इंस्पेक्टर आदिकांत महतो को लालपुर थाना का नया थाना प्रभारी बनाया है। इस संबंध में रविवार को रांची एसएसपी कार्यालय ने आदेश जारी किया है।



मालूम हो कि रांची के चिरौंदी में 11 अगस्त को चतरा के रहने वाले मुकेश साव अपने कर्मचारी रोहन साव के साथ देर रात बरियातू थाना क्षेत्र के साइंस सिटी स्थित घर लौट रहे थे। इसी दौरान बुलेट बाइक पर सवार दो अपराधियों ने दोनों को गोली मार दी, जिससे दोनों की मौत हो गयी थी। मामले में शनिवार को मृतक मुकेश के भाई दिनेश ने कहा था कि उसने एक जुलाई को ही रांची के लालपुर थाने में आवेदन देकर जान का खतरा होने की बात पुलिस को बतायी थी लेकिन पुलिस ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। मृतक मुकेश साव के छोटे भाई दिनेश ने लालपुर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए थे। इसके बाद एसएसपी और डीआईजी ने यह कार्रवाई की है।

atom美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# रामगढ़ में जमीन कब्जा करने आए अपराधियों ने की गोलीबारी, एक की मौत, कई घायल

## राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह हुई जर्जर, अपराधियों का मनोबल चरम पर : जयंत सिन्हा





**PHOTON NEWS RAMGARH:** रामगढ़ स्थित कुज्जू के चुपरा गाँव में 13 अगस्त 2023 को भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच गोलीबारी की घटना हुई। इस घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी। सांसद जयंत सिन्हा ने इस मामले को लेकर तत्काल रामगढ़ पुलिस अधीक्षक से बात की और उन्हें सख्ती से कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने झारखण्ड की जर्जर कानून व्यवस्था को लेकर संसद व राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन का ध्यान आकृष्ट करवाया है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में आज कानून व्यवस्था पूरी तरह से जर्जर हो गयी है। जेएमएम-कांग्रेस सरकार की विफलता के कारण हजारीबाग व रामगढ़ समेत झारखण्ड में आज कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। राज्य में आपराधिक घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। हजारीबाग व रामगढ़ जिलों समेत पूरे राज्य में अपराधियों का मनोबल चरम पर है। हत्या, दुष्कर्म, चोरी व लूटपाट जैसी घटनाएं राज्य में आम बात हो गयी हैं। हजारीबाग आपराधिक घटनाओं के मामले में राज्य में पहले स्थान पर है। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि झारखण्ड में जनता स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही है। एनसीआरबी की क्राइम इन इंडिया रिपोर्ट 2021 के अनुसार झारखण्ड में हत्या की दर देश में सबसे अधिक 4.1 प्रतिशत है। यह दशार्ता है कि राज्य सरकार कानून व्यवस्था को मजबूत बनाये रखने में असमर्थ है। रामगढ़ में जो घटना घटी है उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ताकि दोषियों को कठोर सजा मिल सके। इस गोलीबारी में जानकी यादव नाम के एक युवक की मौत हो गयी। वहीं पवन यादव समेत कई लोग गोली लगने से घायल हो गये। पुलिस ने कैंट बोर्ड के नामित सदस्य कीर्ति गौरव सहित पांच लोगों को हिरासत में लिया है। इसमें से तीन लोगों को पुलिस ने भीड़ के चंगुल से छुड़ाया है।

**जमीन कब्जा करने आये लोग और ग्रामीणों के बीच हुआ विवाद**

घटना के संबंध में बताया जाता है कि कुजू थाना क्षेत्र के टाटा मोटर्स के समीप जमीन कब्जा के उद्देश्य से कुछ लोग जेसीबी लेकर पहुंचे थे। जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया। देखते ही देखते बात इतनी आगे बढ़ गयी कि दोनों पक्ष एक-दूसरे पर लाठी डंडा चलाने लगे। इस दौरान कई राउंड गोलीबारी भी हुई। जिसमें स्थानीय जानकी यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि पवन यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेजा गया है। वहीं फायरिंग की आवाज सुनकर घटनास्थल पर भारी संख्या में ग्रामीण जुट गये। ग्रामीणों ने जमीन कब्जा करने आये तीन लोगों को धर दबोचा और उसकी जमकर पिटाई की।

### BRIEF NEWS

#### चितरपुर महाविद्यालय में खेलकूद व शैक्षणिक प्रतियोगिता संपन्न



**RAMGARH:** स्वतंत्रता दिवस के पूर्व चितरपुर महाविद्यालय में दो दिवसीय कार्यक्रम खेलकूद प्रतियोगिता और शैक्षणिक प्रतियोगिता संपन्न कराया गया। विजय प्रतिभागियों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर माननीय सचिव सफीक अनवर और अतिथियों के करकमलों से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। भाषण प्रतियोगिता के पश्चात शिक्षकों और प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ संज्ञा ने कहा कि प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर प्रदान करने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन होना चाहिए और प्रतिभावान बच्चों के प्रोत्साहन के लिए उन्हें सम्मानित करना चाहिए। ऐसे आयोजन से विद्यार्थियों में उत्साह बढ़ता है और आगामी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए निरंतर अभ्यास करते रहते हैं। इस बहाने उनकी प्रतिभा में निखार होता चला जाता है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो नागेश्वर महतो उपस्थित थे। खेल कूद आयोजन समिति द्वारा समन्वयक प्रो रेवालाल पटेल की देख रेख में छात्र और छात्राओं के लिए अलग अलग 100 और 200 मीटर दौड़ और कबड्डी आदि प्रतियोगिता कराई गई जबकि शैक्षणिक प्रतियोगिता आयोजन समिति द्वारा समन्वयक प्रो शाहनवाज खान की देखरेख शैक्षणिक प्रतियोगिता में संपन्न हुई।

#### एजेकेएसएस सयाल डी शाखा कमेटी की बैठक, 25 अगस्त को धरना प्रदर्शन करने का निर्णय



**BHURKUNDA:** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ सयाल डी परियोजना शाखा कमेटी की बैठक रविवार को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता विनोद कुमार व संचालन रणधीर साव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से यूनियन के महासचिव सतीश सिन्हा उपस्थित थें। बैठक में निर्णय लिया गया कि रैयत आगामी 25 अगस्त को यूनियन के बैनर तले धरना देंगे। बैठक में यूनियन के महासचिव सतीश सिन्हा ने प्रबंधन से कहा कि जिन रैयत एव प्रभावित ग्रामीणों का जमीन गया है उन लोगो को नोकरी, मुआवजा एवं पुनर्वास की व्यवस्था करे। साथ ही सेल संचालन समिति में रैयतों को प्रथमिकता देने, रैयतो को उत्खनन में प्रथमिकता देने, आरआर पॉलिसी के तहत रैयत विस्थापित को 6 लाख मुआवजा या 5 डिसमील जमीन देने, रैयत-प्रभावितो को विस्थापन कार्ड देने की मांग की है। मौके पर बरका-सयाल के अध्यक्ष इंद्रदेव राम, क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा, विनोद कुमार, रणधीर साव, शंकर कुमार, सहित मूल रैयत विस्थापित एवं दर्जनों प्रभावित ग्रामीण मौजूद थें।

#### मेरी माटी-मेरा देश अभियान के अंतर्गत पंच प्रण शपथ समारोह संपन्न

**RAMGARH:** भारतीय जनता युवा मोर्चा झारखंड प्रदेश के निदेर्शानुसार भाजयुमो रामगढ़ जिला अध्यक्ष अभितेष सिंह के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर मेरीमाटीमरादेश अभियान के अंतर्गत पंच प्राण की शपथ दिलाई जिसमें एक प्राण यह भी है रामगढ़ मेंन रोड में सर्वप्रथम सुभाष चंद्रबोस जी की प्रतिमा में साफ सफाई कर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात काले कानून के विरोध में जन आक्रोश मार्च निकाला गया जो रामगढ़ सुभाष चौक से होते हुए अनुमंडल मुख्यालय बिजुलिया रामगढ़ में जाकर संपन्न हुआ ये जन आक्रोश मार्च झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक 2023 के विरोध में एवं झारखंड सरकार की नीतियों के खिलाफ निकाला गया। इस कार्यक्रम में रामगढ़ केंट मंडल के अध्यक्ष शिव महतो, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमीति सदस्य नीरज झा, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष नीरज सिंह अंजू ठाकुर महामंत्री राजेश सोनी, ऋषिकेश सिंह, विक्रम चौधरी सत्यजीत चौधरी अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पतरातू डैम से सिद्धू-कान्हू मैदान तक भाजपा आज निकालेगी तिरंगा यात्रा, सांसद करेंगे आगवानी



**PHOTON NEWS RAMGARH:** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिले 13 अगस्त को कई बड़े कार्यक्रम करने जा रही है। जिसमे देश को आजादी मिलने की खुशी में विशाल तिरंगा यात्रा,तो दूसरी ओर अपनी सत्ता लोलुपता के कारण देश के दो टुकड़े करने वाली कांग्रेस के विरोध में ₹विभाजन विभीषिका₹ कार्यक्रम के अंतर्गत मौन जुलूस निकाले के साथ सांध्य में एक विचार गोष्ठी के माध्यम से विभाजन का दंश झेलने वाले विस्थापित परिवारों को भी सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम के प्रारूप की जानकारी एक विज्ञप्ति के माध्यम देते हुए भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने बताया की सोमवार को जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में 12:30 बजे पतरातु डैम पर सभी मंडल अध्यक्षों के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकताओं का एकत्रीकरण के बाद तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा जो भुरकुंडा,भादानी नगर,सुभाष चौक ,झंडा चौक होते हुए सिद्धू कान्हू मैदान में पहुंचने के बाद सभा में बदल जाएगी जिसमें उपस्थित कार्यकताओं को सांसद के द्वारा संबोधन के बाद तिरंगा यात्रा का समापन किया जाएगा।

तत्पश्चात वहां से एक अन्य कार्यक्रम विभाजन विभीषिका पर ₹मौन जुलूस₹ के रूप ने अपना विरोध प्रदर्शन करते हुए तिरंगा झंडा के साथ सभी भाजपाई कार्यरता तिरंगा झंडा के साथ लोहार टोला,झंडा चौक होते हुए थाना चौक पर इसका समापन करेंगे।

संध्या 5:30 बजे होटल शिवम इन के सभागार में विभाजन में अपना सब कुछ गवां कर विस्थापित परिवारों को भाजपा नेता एक गोष्टी के माध्यम से सम्मानित करेंगे जिसमे प्रदेश स्तरीय वक्ता एवं कार्यक्रम के प्रमंडलीय प्रभारी की मुख्य रूप से उपस्थिति रहेगी।

अतः जिला महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू ने सभी कार्यकताओं एवं युवाओं से इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने की अपील की है।

**सयाल उत्तरी पंचायत में खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री का हुआ वितरण**

# खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए उठाती रहूंगी हर सार्थक कदम : आशा देवी



खेल सामग्री का वितरण करतीं मुखिया आशा देवी • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** सयाल उत्तरी पंचायत में रविवार को खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान स्थानीय मुखिया आशा देवी ने खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल, जर्सी, बूट जूता-मोजा आदि खेल सामग्री का वितरण करते हुए कहा कि बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए हर संभव कदद करती रहूंगी। उन्होंने कहा कि पंचायत के खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के लिए हर सार्थक कदम उठाया जायेगा। खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खेल सामग्री का वितरण किया गया है। मुखिया ने बताया कि पंचायत के बच्चे फुटबॉल में काफी बेहतर खिलाड़ी हैं। विगत दिनों मुख्यमंत्री फुटबॉल टूनार्मेंट में बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन कर पंचायत का मान बढ़ाया था। मुखिया ने कहा की खेल के माध्यम से नए पीढ़ी को नशा से भी बचाया जा सकता है। मौके पर पूर्व मुखिया सह झामुमो नेता सत्येंद्र यादव, उप मुखिया विमलेश कुमार, वार्ड सदस्य गीता कुमारी, कांति कुमारी, सिद्धो-कान्हु क्लब के उपाध्यक्ष प्रिया रंजन कुमार, पिंटू मुंडा, रोहित उरांव सहित दर्जनो ग्रामीण मौजूद थें।

# दोतल्ला पंचायत में मुखिया ने निकाली रैली घर-घर जाकर तिरंगा का किया वितरण



रैली के माध्यम से तिरंगा का वितरण करतीं मुखिया • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत में रविवार को मुखिया सत्यवंती देवी के नेतृत्व में रैली निकाली गई। इस दौरान लोगों को जागरूक करते हुए मुखिया सत्यवंती देवी ने घर-घर जाकर पंचायतवासियों के बीच लगभग 500 पीस तिरंगा झंडा का वितरण किया। मौके पर मुखिया ने बताया कि झंडा वितरण करने का उद्देश्य तमाम घरों में झंडा लहराकर अमर वीर, स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान एवं श्रद्धांजलि दिया सके। रैली के दौरान घर-घर तिरंगा लगाएंगे अपने शहीदों का सम्मान बढ़ाएंगे, वंदे मातरम, भारत माता की जय आदि नारे लगा रहे थें। रैली में पूर्व मुखिया सह झामुमो नेता लव कुमार महतो, रविकांत सिंह उर्फ बडू, जल सहिया छुवि देवी, सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब की अध्यक्ष शेरोफेना एक्का, रंजू सिंह, मंजू देवी, सेविका प्रेमी सलोनी तिर्की, वार्ड सदस्य दयामुनि मुर्मू, जेएसपीएलएस की आतोषी मुखर्जी, राधा देवी, शकुंतला देवी, श्यामा देवी, करण सिंह, मोनू झा, महेन्द्र सोरेन, अभय करमाली, इशांत कुमार पासवान, दीपक कुमार, विनय उरांव, प्रेम पासवान, निखिल कुमार, कृष्ण कुमार, विजय राज गोंड, रवि कुमार, ममता कुमारी, आशा देवी, ललिता देवी, सोनिया देवी, सुनीता देवी, मनोज चैधरी सहित दर्जनों ग्रामीणों शामिल थें।

# भुरकुंडा थाना मैदान में श्रावणी मेला का हुआ शुभारंभ, अतिथियों ने किया उद्घाटन

**मेले में झलकती है झारखंड की सभ्यता व संस्कृति : निशि पांडेय**



मेला का उद्घाटन करते अतिथि • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** भुरकुंडा थाना मैदान में रविवार को श्रावणी मेला का उद्घाटन किया गया। मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि क्षेत्र की समाजसेवी निशि पांडेय व झामुमो के केंद्रीय सचिव सह झारखंड राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया ने फीता काटकर किया। इसके पूर्व मेला समिति ने अतिथियों को बुके देकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेला समिति के अध्यक्ष सह भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि निशि पांडेय ने कहा कि मेला हमारे पूर्वजों की धरोहर है। मेला में झारखंड की सभ्यता व संस्कृति झलकती है। उन्होंने कहा कि मेला आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश तो देता ही यह ग्रामीणों के लिए मनोरंजन का बेहतर साधन भी है। वहीं संजीव बेदिया ने कहा कि मेला दो दिलों को जोड़ता है। मेला हमसबों को अपने बुर्जुगों की याद भी ताजा कराती है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को शांतिपूर्ण माहौल में मेला का आनंद लेने की बात कही। मौके पर संजीव बेदिया, मुखिया अजय पासवान, पंसस दीपक भईया, अमरेश सिंह, संजय वर्मा, अनामिका श्रीवास्तव, विनय सिंह, प्रभास दास, जगतार सिंह, रेणुका देवी, योगेश दांगी, अजय साहू, विजयंत कुमार, सतीश मोहन मिश्रा, अजय कुमार, विश्वरंजन सिन्हा, संजीत राम, बीरेंद्र यादव, बिहारी मांझी, बिनोद पासवान, कामेश्वर मेहता, रोशन पासवान, राजेश सोनी, मंसूर खान, मुकेश राउत, बबलू ठाकुर सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

# राष्ट्रीय सेवा मंच ने जरूरतमंदो के बीच भोजन का किया वितरण

**भुरकुंडा में किया गाया आयोजन, डब्लू सिंह बोले - गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य**




जरूरतमंदो के बीच भोजन का वितरण करते मंच के लोग • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जयसवाल, प्रो. रामानुज सिंह एवं शिक्षक भुपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकू ने 120 गरीबों के बीच पाव-भाजी का वितरण किया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि सबों के सहयोग से मंच द्वारा पिछले 8 वर्षों से गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है जो कि आगे भी जारी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मंच का उद्देश्य ही गरीबों की सेवा है जो निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा होता है। गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। श्री सिंह ने ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, भुपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकू, संजय कुमार, डॉ जयश्री मेहता, राकेश शर्मा, राजेश श्रीवास्तव, लालू उरांव, बीरेंद्र पांडेय, रेणुका देवी, दिलीप गंझू, लखन राम, सुकरा करमाली, संजू सिन्हा आदि का विशेष योगदान रहा।

# डुमरी उपचुनावः तीसरे विकल्प के रूप में उतरेगा खतियानी मोर्चा : इमाम



**PHOTON NEWS RAMGARH:** झारखंड खतियान मोर्चा की ओर से आज दिनांक 12 अगस्त को डुमरी उपचुनाव के लेकर मोर्चा के उप संयोजक इमाम सफी ने प्रेस क्लब में प्रेस को संबोधित किया और कहा झारखंड खतियान मोर्चा मजबूती से उपचुनाव में उतरेगी। 12 अगस्त तक झारखंडी खतियानी उम्मीदवार से आवेदन आर्मत्रित किया गया था, जिसमें अभी तक कुल 12 उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। 14 अगस्त को सबसे योग्य प्रत्याशी की घोषणा की जाएगी और 17 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे। बताते चलें पुर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा के नेतृत्व में झारखंड में युपीए व एनडीए के विरुद्ध तीसरे विकल्प के रूप में झारखंड खतियान मोर्चा का गठन किया गया है जो सामूहिक चिंतन सामूहिक निर्णय और सामूहिक नेतृत्व के सिद्धान्त पर कार्य करेंगी। प्रेस संबोधन में कोल्हान संयोजक सुधीर मुण्डु, इतशआम अली ,मौजुद रहे।

**अग्रणी झारखंड आंदोलनकारी काली बाबू की तीसरी पुण्यतिथि पर उनके बताए रास्तो पर चलने का लिया संकल्प : सुनील**

# काली बाबु की याद में बरियातु पंचायत सचिवालय में निशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



स्वास्थ्य शिविर में मौजूद ट्रस्ट के सदस्य

**PHOTON NEWS RAJRAPPA:** अग्रणी झारखंड आंदोलनकारी सह झामुमों संस्थापक सदस्य काली प्रसाद चक्रवर्ती की तीसरी पुण्यतिथि के एक दिन पूर्व बरियातु पंचायत सचिवालय में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें निजाम सेवा ट्रस्ट के द्वारा 300 ग्रामीणों को चिकित्सा जाँचकर उन्हें निशुल्क में दवा दी गई. इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. आनंद कुमार, डॉ. अनुजा, डॉ. वसीम एवं उनके टीम में संदीप कुमार, अमित कुमार, सुभाष कुमार ने शिविर में सहयोग की. इस दौरान उनके पुत्र सुनील राज चक्रवर्ती ने कहा की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भीं पिता की तीसरी पुण्यतिथि पर हमलोग उनके बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लेगें. शिविर के पूर्व सभी लोगों ने काली बाबू की तस्वीर पर फूल माला एवं अगरबत्ती दिखाकर श्रद्धांजलि दी एवं एक मिनट का मौन रखकर उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों को याद किया गया. कार्यक्रम में मानवाधिकार सहयोग संघ के जिलाध्यक्ष रंजीत करमाली, कर्नल एकेडमी के संस्थापक करनल विवेक, दिनानाथ सिंह मुंडा, जिम्मी रिविट, मुकेश सिंह, मृत्युंजय पोद्दार, तपन कुमार, अनुज सिंह, देवानंद महतो, रविशंकर करमाली का सराहनीय योगदान रहा. सोमवार को दिन के 12:00 बजे से कालीबाड़ी बरियातु में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. जिसमें झारखंड आंदोलनकारी, समाजसेवी और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित होंगे. रामगढ़ में गोली चलने की घटना दुखद; जेएमएम-कांग्रेस सरकार में अपराधियों के हौसले बुलंदः सांसद जयंत सिन्हा ज्ञात हो कि रामगढ़ स्थित कुज्जू के चुपरा गाँव में 13 अगस्त 2023 को भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच गोलीबारी की घटना हुई। इस घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी। जेएमएम-कांग्रेस सरकार की विफलता के कारण हजारीबाग व रामगढ़ समेत झारखण्ड में आज कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।

#### भाजपा के तिरंगा यात्रा में शामिल हों : अनूप ठाकुर



**BHURKUNDA:** भारतीय जनता पार्टी भदानीनगर मंडल के उपाध्यक्ष अनूप कुमार ठाकुर उर्फ मोदी ने कहा कि आगामी 14 अगस्त को मंडल के कार्यकर्ता पतरातू सर्किट हाउस में तिरंगा यात्रा को लेकर भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा में हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा उपस्थित होंगे। श्री ठाकुर ने सभी मोर्चा के अध्यक्ष, कार्यकर्ता, बूथ कमेटी के अध्यक्ष से कार्यक्रम की सफलता को लेकर शामिल होने की अपील की।

BRIEF NEWS

### एलबीएसएम महाविद्यालय करनडीह के लासो किस्कू ने जीता गोल्ड मेडल



JAMSHEDPUR : एलबीएसएम महाविद्यालय करनडीह के सेमेटर -4 संथाली विभाग के लासो किस्कू गांव मालीबानी (चाकुलिया) ने रांची में आयोजित थल सेना कैंप में ऑब्स्टिकल स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। ऐसा करके एलबीएसएम कॉलेज जमशेदपुर का नाम रौशन किया।प्राचार्य डॉ अशोक कुमार झा ने इन सभी विद्यार्थियों को शुभकामना दी और कहा कि ये विद्यार्थी हमारे महाविद्यालय के लिए गौरव हैं। उन्हें महाविद्यालय में सम्मानित किया जाएगा। एनसीसी ऑफिसर प्रो रितु,खेल प्रभारी प्रो अरविंद पंडित सहित महाविद्यालय परिवार उन्हें बधाई दी। लासो किस्कू ने 10 बाधाओं को पार करते हुए 29 सेकेंड का समय निकालकर बिहार और झारखण्ड में सबसे तेज धावक होने का किताब अपने नाम भी कर लिया है। साथ ही रितिका सिंह (परसुडीह) सेमेस्टर-1 जियोग्राफी विभाग की छात्रा 6वॉ स्थान प्राप्त की। दोनो ही विद्यार्थी का चयन नई दिल्ली में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया थल सेना कैंप के लिए हुआ है जो सितंबर माह में आयोजित होगी।

### रैफ परिवार की महिलाओं ने पदयात्रा निकाल शहीदों को दी श्रद्धांजलि

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर के सुन्दरनगर स्थित द्रुत कार्य बल (रैफ) की 106वीं बटालियन ने रविवार को पदयात्रा निकाली। हाथों में तिरंगा लेकर रैफ परिवार की महिलाओं ने पदयात्रा निकाल कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। रैली देश की एकता अखंडता के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीरों की याद में निकाली गई थी। भारत सरकार ने ह्लमेरी माटी मेरा देश एवं हर घर तिरंगा अभियानह्व आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 9 अगस्त 2023 से शुरू किया है। पदयात्रा रैफ की 106वीं बटालियन आरसीडब्ल्यूए की अध्यक्ष बबीता सिंह के मार्गदर्शन में निकाली गई। रैली 106वीं बटालियन परिसर से निकलकर सुंदरनगर चौक तक गई। इस रैली का मुख्य उद्देश्य बल की महिलाओं द्वारा समाज में महिलाओं को देश के वीर शहीदों की शहादत के बारे में जानकारी देना और समाज में देशभक्ति के प्रति जागृति पैदा करना है। क्रार्यक्रम के अन्त में बबीता सिंह द्वारा रैली में उपस्थित लोगों को उक्त कार्यक्रम के महत्व से अवगत कराया।

### अब लंदन में पढ़ाई करेंगे मोहम्मद जीशान, सरकार उठाएगी खर्च

JAMSHEDPUR : टेल्को बारी नगर निवासी मोहम्मद जीशान को झारखंड सरकार द्वारा मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृति योजना को तहत विदेश में अध्ययन करने हेतु छात्रवृत्ति प्राप्त हुई है। जीशान को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बीते दीनों रांची में आयोजित सेमीनार में यह छात्रवृत्ति प्रदान की। जीशान के साथ सेमीनार में कुल 24 छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री ने छात्रवृत्ति प्रदान की। जीशान अब लंदन विश्वविद्यालय से डबल एलएलएम की पढ़ाई करेंगे। पढ़ाई के दौरान कुल 60 लाख रुपये खर्च होंगे। जीशान के पढ़ाई पर होने वाली खर्च झारखंड सरकार उठाएगी। जीशान ने बताया कि उन्होंने दसवीं तक की पढ़ाई टेल्को गुलमोहर स्कूल से की, 12वीं की पढ़ाई विद्या भारती चिन्मया स्कूल से और फिर बीए एलएलबी अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से की। इसके बाद एलएलएम की पढ़ाई अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय बेंगलुरु से की। जीशान को छात्रवृति मिलने पर बारी नगर में उत्साह एवं खुशी का माहौल है। बस्तीवासियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है। मौके पर टेल्को बारी नगर मस्जिद के सेक्रेटरी जावेद अख्तर, शाह आलम खान, शाहिद परवेज, अमीर अली अंसारी, सोनू खान, सैयद मुजफ्फर उल हक, मोहम्मद इस्लाम, राजू खान, मोहम्मद रिजवान, सोनी, शाहजहां दारा ने पुष्पमाला पहनाकर मोहम्मद जीशान को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# DDC ने EVM, BU, CU, VVPAT की FLC का लिया जायजा, 14 अगस्त को होगा मॉक पोल

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से उपस्थित रहने की अपील

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : भारत निवार्चन आयोग से प्राप्त निर्देश के आलोक में लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर पूर्वी सिंहभूम जिला में ईवीएम, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपीएटी की प्राथमिक स्तरीय जांच 13वें दिन संपन्न हुई। 01 से 14 अगस्त तक चलाये जा रहे एफएलसी कार्यक्रम में अंतिम दिन 14 अगस्त को मॉक पोल होगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मॉक पोल के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से उपस्थित रहने की अपील की है जिससे एफएलसी का कार्य पारदर्शिता



लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेते अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

के साथ संपन्न किया जा सके। जमशेदपुर सदर प्रखंड के कीताडीह पंचायत स्थिति ईवीएम वेयर हाउस में प्रशासनिक व तकनीकी पदाधिकारियों की देखरेख में एफएलसी का कार्य किया गया, इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। एफएलसी कार्य के अंतिम दिन उप विकास आयुक्त मनीष कुमार द्वारा निरीक्षण कर मौके पर मौजूद एसओआर-सह-एफएलसी पर्यवेक्षक दीपू कुमार को मॉक पोल को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

उन्होने बताया कि उपलब्ध मॉक पोल के दौरान 1 फीसदी मशानों का चयन किया जाएगा 1000 मतदान कर के वहीं 2 फीसदी मशीनों का चयन 500 मतदान कर तथा 1 फीसदी और मशीनों का चयन 1200 मतदान कर किया जाएगा। उन्होने कहा कि ईवीएम को चुनाव तक वेयर हाउस में सुरक्षित रखा जाएगा। ईवीएम, बीयू, सीयू, वी.वी.पी.ए.टी को जांच करने का काम पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ किया जा रहा है।

**कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं सीसीटीवी की निगरानी में हुआ एफएलसी :** एफएलसी कार्य को लेकर जांच स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया है। केन्द्र के अंदर मोबाइल फोन, कैमरा, कैलकुलेटर या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना वर्जित है। साथ ही निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अग्निशामन की व्यवस्था, एफएलसी कार्य की वीडियोग्राफी, सीसीटीवी से निगरानी रखी जा रही वहीं मुख्य द्वार पर मेटल डिटेक्टर लगाया गया है। जांचोपरांत ही प्रत्येक व्यक्ति को अंदर जाने दिया जा रहा। वहीं पूरे एफएलसी कार्य की सघन निगरानी हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी(डीईओ) कार्यालय में लाइव वेबकास्टिंग भी की जा रही।

# गर्लफ्रेंड का शौक पूरा करने के लिए करते थे छिनतई, चार गिरफ्तार, हथियार बरामद

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : एसएसपी प्रभात कुमार ने बीते दिनों ही रात्रि गश्ती में बदलाव किया था। इसी के तहत बिष्टुपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान हथियार के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये युवकों की निशानदेही पर पुलिस ने अन्य दो युवकों को भी पकड़ा।

दरअसल, बिष्टुपुर पुलिस शनिवार रात 8.30 बजे जी टाउन के पास चेकिंग अभियान चला रही थी। तभी मौके पर बाइक पर सवार होकर दो युवक पहुंचे। पुलिस की चेकिंग देखकर दोनों भागने लगे। पुलिस ने दोनों का पीछा कर बिष्टुपुर करबला के पास दोनों को पकड़ लिया। पुछताछ में पकड़े गए युवकों ने अपना नाम मो फैयाज आलम और साजिद शेख उर्फ बिल्ला बताया। तलाशी के दौरान फैयाज के पास से एक लोडेड देसी पिस्टल और साजिद के पास से एक जिंदा गोली बरामद की गई। पूछताछ में दोनों ने बताया कि दोनों महिलाओं से छिनतई करते है।

पूछताछ में दोनों ने बताया कि छिनतई किया हुआ सामान मानगो ओल्ड पुरुलिया रोड स्थित विकास ज्वेलर्स के मालिक विकास माने और उसके स्टाफ राजन कुमार को



गिरफ्तारी की जानकारी देते ग्रामीण एसपी। ● फोटोन न्यूज

बेचते थे, जिसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया। जानकारी देते हुए ग्रामीण एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि आरोपियों ने 5 अगस्त को जुगसलाई थाना के पास एक महिला से चेन छीनी थी, जिसे विकास को 33 हजार रुपये में बेचा और 8 अगस्त को सीतारामडेरा थाना क्षेत्र से एक महिला से छिनतई की थी जिसे राजन को एक लाख रुपये में बेच दिया था। फैयाज के पास से जो बाइक बरामद की गई है वह दो लाख से ज्यादा की है जिसे उसने हाल ही में छिनतई किए हुए रुपये से खरीदा था। वहीं 1.50 लाख रुपये का मोबाइल भी खरीदा है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों आरोपी प्रेमिका और खुद के शौक पूरा करने के लिए ही छिनतई की घटना को अंजाम देते थे।

### जेल में हुई थी दोनों की मुलाकात

ग्रामीण एसपी ने बताया कि फैयाज और साजिद पूर्व में जेल जा चुके है। साजिद पर जिले के थानों में 14 से ज्यादा मामले दर्ज है। दोनों बाल सुधार गृह में मिले थे तभी से दोनों की दोस्ती थी। जेल में ही दोनों ने साथ रहकर छिनतई करने की योजना बनाई थी। जेल से आने के बाद दोनों छिनतई की घटनाओं में जुट गए। महिलाएं सॉफ्ट टारगेट होती थी। फिलहाल सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां पूरी, परेड का किया अंतिम पूर्वाभ्यास

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : स्वतंत्रता दिवस पर बिष्टुपुर के गोपाल मैदान में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर रविवार को परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में उपायुक्त मंजुनाथ भजन्त्री ने ध्वजारोहण के बाद वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के साथ परेड का निरीक्षण किया। मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। अंतिम पूर्वाभ्यास में जिला पुलिस बल की पुरुष व महिला टुकड़ी, होम गार्ड की प्लाटून, एनसीसी विंग ब्वॉयज एंड गर्ल्स, स्कॉउट एंड गाईड की प्लाटून, आरएएफ का दल एवं संत मैरी स्कूल की बैंड पार्टी शामिल थी।



परेड का निरीक्षण करते उपायुक्त। ● फोटोन न्यूज

### डीसी ने पदाधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए किए गए अंतिम पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में उपायुक्त ने मुख्य समारोह को भव्यता से मनाए जाने को लेकर मौके पर मौजूद पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जिला प्रशासन द्वारा सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन सिदगोड़ा टाउन, हॉल में किया गया है। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राएं राष्ट्रभक्ति गीत व संगीत की प्रस्तुति देंगे। सांस्कृतिक संध्या के सफल आयोजन को भी लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियों को मूर्त रूप दिया जा रहा है।

# कंस्ट्रक्शन कंपनी से लाखों की ठगी करने वाला अहमदाबाद से गिरफ्तार

JAMSHEDPUR : बिष्टुपुर के त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन से मशीन बेचने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले आरोपी विकास सूद को बिष्टुपुर पुलिस ने गुजरात के अहमदाबाद से गिरफ्तार किया। शनिवार देर शाम पुलिस उसे अहमदाबाद से शहर लेकर पहुंची। इस संबंध में थाना प्रभारी अंजनी कुमार ने बताया कि त्रिवेणा कंस्ट्रक्शन से मशीन बेचने के नाम पर विकास ने नौ लाख रुपये लिए थे पर मशीन नहीं दी थी। इसको लेकर कंपनी के मैनेजर उत्तम मलिक ने थाने में लिखित शिकायत की थी। वारंट निकलने पर पुलिस ने विकास को गुजरात से गिरफ्तार कर लिया।

# आनंद मार्ग व पीसीएपी ने बांटे दो सौ पौधे

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : मानगो में नीलकंठ अपार्टमेंट के पास रविवार को प्रीवेंशन ऑफ क्रुएलिटी टू एनिमल्स एंड प्लांट्स (पीसीएपी) और आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ने निःशुल्क 200 पौधे बांटे। आनंद मार्ग और पीसीएपी की ओर से बताया गया कि पिछले 15 सालों में लगभग 1 लाख 50 हजार से ज्यादा पौधों का वितरण किया जा चुका है। आनंद मार्ग के सुनील आनंद ने कहा कि जब तक हम पेड़ पौधों एवं जीव-जंतु को अपने परिवार के सदस्य के रूप में स्वीकार नही करेंगे तब तक प्रकृति का कल्याण संभव नही है, नव्य - मानवतावादी विचारधारा से समाज का कल्याण संभव है। नव्य मानवतावाद बताता है कि इस पृथ्वी पर मनुष्य ही नहीं अनेक प्रकार के पेड़-पौधे, जीव-जंतु पृथ्वी रूपी परिवार के सदस्य है। पृथ्वी के बुद्धिमान जीव होने के नाते हमारा यह कर्तव्य बनता है, सभी को परिवार के सदस्य के रूप में स्वीकार करें।

## सीएक्सओ सेशन ब्रेकिंग द ग्लास सीलिंग का आयोजन

# क्लास में होने वाली शिक्षा व इंडस्ट्री के बीच के गैप को भरें : अमित राज सिन्हा

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : एक्सएलआरआई के पीजीडीएम जीएम बैच (23-24) की ओर से सीएक्सओ सेशन ब्रेकिंग द ग्लास सीलिंग का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सिगाची इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक और सीईओ अमित राज सिन्हा उपस्थित थे। अपने प्रभावशाली नेतृत्व और उद्योग विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध सिन्हा ने पीजीडीएम के विद्यार्थियों को चुनौतियों से पार पाने के लिए कई अहम बातें कही।

उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को करियर के सफलतम पड़ाव तक पहुंचने के लिए उसे हमेशा अच्छी रणनीति बनानी चाहिए। गोल हमेशा शॉर्ट टर्म होनी चाहिए। एक गोल को पूरा



विद्यार्थियों को जानकारी देते अमित राज सिन्हा। ● फोटोन न्यूज

करने के बाद दूसरा गोल बना कर पिछली गलतियों को दूर कर उसे पूरा करने का प्रयास करना चाहिए। इस दौरान उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों व संघर्षों से सभी को अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने एक्सएलआरआइ द्वारा एजुकेशनल इंस्टीट्यूट व इंडस्ट्री के बीच के गैप को पाटने के लिए किये जाने वाले प्रयासों की भी सराहना की। इससे पूर्व छात्रा सौम्या दुबे ने उनका स्वागत किया। मौके पर प्रोफेसर कनकराज द्वारा एक्सएलआरआइ में संचालित विभिन्न कोर्सों के साथ ही देश व दुनिया के लिए एथिकल लीडर तैयार करने की प्रतिबद्धता को भी दुहराया।

# 18 अगस्त से शुरू होगी यूजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा, 21 केंद्रों पर 26 हजार परीक्षार्थी होंगे शामिल

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : कोल्हान विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित होने वाले स्नातक प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा की 18 अगस्त से शुरू शुरू हो कर 25 अगस्त तक चलेगी। परीक्षा को जल्द संपन्न कराने के लिए विवि ने दो पालियों में इसे आयोजित करने का फैसला किया है। इसकी पहली पाली सुबह 9 बजे से शुरू होकर दोपहर 12 बजे तक चलेगी। इसके लिए रिपोर्टिंग टाईमिंग सुबह 8.30 बजे है। वहीं दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगी। इसके लिए रिपोर्टिंग टाईमिंग दोपहर 1.30 बजे होगी। विदित हो कि नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक चार वर्षिय कोर्स में हुए दाखिले का यह पहली परीक्षा है। हालांकि यह करीब 6 महीने की देरी से आयोजित हो रहा है। यही वजह है कि विवि इस परीक्षा को दो पालियों में आयोजित कर रहा है। ताकि परीक्षा को जल्द समाप्त कर परिणाम जारी कर इसी साल दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा भी आयोजित करायी जा सके। विवि से मिली जानकारी के अनुसार इस परीक्षा में 26 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस परीक्षा के




लिए कुल 21 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड कोल्हान विश्वविद्यालय ने अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है जिसे छात्र डाउनलोड कर सकते हैं।

**इन केंद्रों पर होगी परीक्षा :** टाटा कॉलेज चाईबासा, महिला कॉलेज चाईबासा, जेएलएन कॉलेज चक्रधरपुर, केएस कॉलेज सरायकेला, मॉडल महिला महाविद्यालय सरायकेला खरसावां, महिला महाविद्यालय सरायकेला खरसावां, नोवामुंडी कॉलेज, सिंहभूम कॉलेज चांडिल, करीम सिटी कॉलेज, ग्रेजुएट कॉलेज जमशेदपुर, पटमदा डिग्री कॉलेज, एलबीएसएम कॉलेज, कोऑपरेटिव कॉलेज, वर्कर्स कॉलेज, जेकेएस कॉलेज मानगो, घाटशिला कॉलेज, बीडीएसएल महिला कॉलेज, बहरागोड़ा कॉलेज, डिग्री कॉलेज मनोहरपुर, संत अगस्टीन कॉलेज मनोहरपुर व एजेके कॉलेज चाकुलिया।

## गीत-संगीत के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे शहर के कलाकार, चर्चा में आए गायक अजीत अमन

# चंद्रयान का पोस्टर जारी, 15 अगस्त को पूरे देश में गूंजेगा गीत

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : शहर के कलाकार कोई भी मौका को खास बनाने से नहीं चूक रहे हैं। अब, इस बार 15 अगस्त के दिन 'चंद्रयान' गूंजेगी। इसका पोस्टर रविवार को डिमना के तुड़ियाबेड़ा स्थित एमएम रिकॉर्डिंग स्टूडियो में जारी किया गया। वहीं, गीत 15 अगस्त को रिलीज होगी। इस गीत को झारखंड-बिहार के चर्चित गायक अजीत अमन ने आवाज दी है। उन्होंने बताया कि देश एक ओर अमृत महोत्सव मनाया रहा हैं। उसी बीच चंद्रयान का सफल परीक्षण देशवासियों का सपना पूरा होने जैसा है। इस गीत में संघर्ष, जज्बा, जोश, जुनून



पोस्टर के साथ चंद्रयान के कलाकार। ● फोटोन न्यूज

सबकुछ देखने को मिलेगा। भोजपुरी में पहली बार इस तरह का गीत तैयार किया गया है। इस वीडियो एलबम के निमार्ता निशांत कुमार (संगीतास), अवनीश श्रीवास्तव (नेहिष) व शिक्षक आलोक राज सिंह हैं। वहीं गीतकार अनिल वर्मा है। अजीत अमन देश के मशहूर उद्योगपति रतन टाटा पर दो वीडियो एलबम बना चुके हैं जिसे देशभर में काफी सराहा गया था। वहीं, शहीद विपिन रावत और एमएस धोनी पर भी गीत गा चुके हैं। अब देश के महान वैज्ञानिकों पर इन्होंने गीत तैयार किया है। गायक अजीत अमन ने बताया कि यह मेलोडी है, जो लोगों को काफी पसंद आएगा। विशेष रूप से इस गीत में चंद्रयान और इसे बनाने वाले वैज्ञानिकों के प्रयास की सराहना की गई है। वीडियो के जरिये दिखाया गया है कि किस तरह से चंद्रयान-3 अपने मिशन पर निकला हुआ है। इस वीडियो में भोजपुरी फिल्म की एक्ट्रेस लिशा वर्मा भी दिखाई देंगी।

इस अवसर पर गायक अजीत अमन, मनोज पांडे, लिशा वर्मा, रणधीर सिंह, उदय साहू, चिंटू मिताली, हरि दर्शन सिंह, शिन्टू यादव, संदीप शर्मा, प्रेम कुमार, सौरभ साहू, तनिशक साहू उपस्थित थे।

**वीडियो में काम करने वाले कलाकार :** गायक-अजीत अमन, निमार्ता-निशांत कुमार, आलोक राज सिंह, अवनीश श्रवास्तव, गीतकार-अनिल वर्मा, स्टोरी-अमित तिवारी, निर्देशन-उदय साहू, मनोज पांडे, रिकॉर्डिंग एंड मिक्सिंग मास्ट्रिंग-चिंटू मिताली, एडिटिंग-सूर्या साहू, सहयोग- अंजलि स्टुडियो, हरि दर्शन सिंह, शिन्टू यादव, दीपक, आलोक कुमार।

# अग्रसेन भवन में कल मनेगा जीण माता का सिंघारा उत्सव

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : शहर की धर्मिक संस्था श्री जीण माता परिवार जमशेदपुर द्वारा मंगलवार 15 अगस्त को जीण माता का सिंघारा एवं झूलन उत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन में आयोजित होने वाले इस धार्मिक महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

इस संबंध में संस्था के अध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल, संस्थापक शंभू खन्ना एवं कोषाध्यक्ष विनोद खन्ना ने बताया कि साकची अग्रसेन भवन में दोपहर 03.30 (साढ़े तीन बजे) से मां भवानी जीण शक्ति का मंगल पाठ और साथ ही संध्या में भजनों की अमृत



वर्षा होगी। उन्होंने आगे बताया कि मंगलपाठ का वाचन करने हेतु कोलकात्ता से आमंत्रित कलाकार रितेश बरनवाल एवं सीतु राजस्थानी आ रही हैं। शहर के प्रसिद्ध गायक महावीर अग्रवाल मुन्ना भजनों की अमृत वर्षा करेंगें। कोलकात्ता के कारीगरों द्वारा फूलों से माता का भव्य दरबार सजाया जायेगा।

# इस बार 'इसलिए' अहम है 15 अगस्त

लंबे कालखंड के बाद 15 अगस्त, 1947 को भारत में आजादी का सूरज उगा था। तब से हम हर साल 15 अगस्त को स्वाधीनता दिवस के रूप में मनाते हैं। इस बार का स्वतंत्रता दिवस कुछ खास है। वह इसलिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 मार्च, 2021 को 'आजादी का अमृत महोत्सव' का शुभारंभ गुजरात में अहमदाबाद के साबरमती आश्रम से किया था। उसका समापन इस बार होगा। इसके साथ 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के सपने को साकार करने के लिए देश को नई ऊर्जा और उत्साह के साथ 'अमृत काल' में प्रवेश कराया जाएगा। इस साल नई दिल्ली में लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस को मनाने के लिए अनूठी पहल की गई हैं। पिछले साल की तुलना में इस वर्ष बड़ी संख्या में अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐतिहासिक लाल किले से समारोह का नेतृत्व करेंगे। राष्ट्रीय पर्व के इस समारोह को देखने के लिए देश भर से विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लगभग 1,800 लोगों को विशिष्ट अतिथि के रूप में उनके जीवनसाथी के साथ आमंत्रित किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी लाल किले की प्राचीर पर ध्वजारोहण कर इस ऐतिहासिक स्मारक से राष्ट्र को संबोधित करेंगे। यह पहल सरकार के 'जनभागीदारी' दृष्टिकोण के अनुरूप की गई है। इन विशिष्ट अतिथियों में 660 से अधिक जीवंत गांवों के 400 से अधिक सरपंच, किसान उत्पादक संगठन योजना से जुड़े 250 लोग, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के 50-50 प्रतिभागी, नए संसद भवन सहित सेंट्रल विस्टा परियोजना से जुड़े 50 श्रमयोगी (निर्माण श्रमिक), 50-50 खादी कार्यकर्ता, सीमा पर स्थित सड़कों के निर्माण, अमृत सरोवर और हर घर जल योजना से जुड़े लोगों के साथ-साथ 50-50 प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक, नर्स और मछुआरे शामिल हैं। सरकार ने इनमें से कुछ विशिष्ट अतिथियों को दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक को दिखाने की व्यवस्था की है। साथ ही प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से 75 जोड़ों को भी पारंपरिक पोशाक में इस समारोह को देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस बार बड़ी बात यह है कि राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, इंडिया गेट, विजय चौक, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, प्रगति मैदान, राजघाट, जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन, राजीव चौक मेट्रो स्टेशन, दिल्ली गेट मेट्रो स्टेशन, आईटीओ मेट्रो गेट, नौबत खाना और शीश गंज गुरुद्वारा सहित 12 स्थानों पर सरकार की विभिन्न योजनाओं को समर्पित सेल्फी प्वाइंट स्थापित किए गए हैं। इस समारोह की कड़ी के रूप में रक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में 15-20 अगस्त तक मायगव पोर्टल पर ऑनलाइन सेल्फी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। लोगों को इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए 12 में से एक या अधिक स्थानों पर सेल्फी लेने और उन्हें मायगव प्लेटफॉर्म पर अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। 12 विजेताओं का चयन किया जाएगा। प्रत्येक विजेता को 10,000 रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। लाल किले में प्रधानमंत्री के गार्ड ऑफ ऑनर दल में सेना, वायु सेना और दिल्ली पुलिस के एक-एक अधिकारी और 25 कर्मी व नौसेना के एक अधिकारी और 24 कर्मी शामिल होंगे। भारतीय सेना इस वर्ष समन्वय सेवा की भूमिका में है। गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण करने के बाद प्रधानमंत्री लाल किले की प्राचीर की ओर बढ़ेंगे। वहां उनका स्वागत रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी करेंगे। । दिल्ली क्षेत्र के जीओसी प्रधानमंत्री को ध्वजारोहण के लिए प्राचीर पर बने मंच तक ले जाएंगे। मेजर निकिता नायर और मेजर जास्मीन कौर राष्ट्रीय ध्वज फहराने में प्रधानमंत्री की सहायता करेंगी। इस दौरान पार्श्व पंक्ति विन्यास में भारतीय वायु सेना के दो उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (मार्क-तृतीय) ध्रुव कार्यक्रम स्थल पर फूलों की वर्षा करेंगे। हेलीकॉप्टर के कैप्टन, विंग कमांडर अंबर अग्रवाल और स्क्वाड्रन लीडर हिमांशु शर्मा होंगे। प्रधानमंत्री के राष्ट्र के नाम संबोधन के समापन पर राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट राष्ट्रगान गाएंगे। एक और बड़ा आकर्षण जी-20 का प्रतीक चिह्न होगा। इसे लाल किले पर फूलों की सजावट के साथ प्रदर्शित किया जाएगा।

> प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐतिहासिक लाल किले से समारोह का नेतृत्व करेंगे। राष्ट्रीय पर्व के इस समारोह को देखने के लिए देश भर से विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लगभग 1,800 लोगों को विशिष्ट अतिथि के रूप में उनके जीवनसाथी के साथ आमंत्रित किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी लाल किले की प्राचीर पर ध्वजारोहण कर इस ऐतिहासिक स्मारक से राष्ट्र को संबोधित करेंगे। यह पहल सरकार के 'जनभागीदारी' दृष्टिकोण के अनुरूप की गई है। इन विशिष्ट अतिथियों में 660 से अधिक जीवंत गांवों के 400 से अधिक सरपंच, किसान उत्पादक संगठन योजना से जुड़े 250 लोग, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के 50-50 प्रतिभागी, नए संसद भवन सहित सेंट्रल विस्टा परियोजना से जुड़े 50 श्रमयोगी (निर्माण श्रमिक), 50-50 खादी कार्यकर्ता, सीमा पर स्थित सड़कों के निर्माण, अमृत सरोवर और हर घर जल योजना से जुड़े लोगों के साथ-साथ 50-50 प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक, नर्स और मछुआरे शामिल हैं।


# कैसी होगी 2024 की लड़ाई

ANALYSIS



अनिल सिन्हा

> मीडिया के एक बड़े हिस्से ने इसे एक फ्लोर टेस्ट की तरह पेश किया। अखबार और टीवी चैनल प्रस्ताव के समर्थन और विरोध में खड़े सांसदों की गिनती बताते रहे। इसी तरह सदन में दिए गए भाषणों के लोगों पर पड़ने वाले संभावित असर के बारे में अलग-अलग दावे सनसनीखेज ढंग से प्रस्तुत किए गए। कई जगहों पर इसकी तुलना किकेट मैच से हो रही थी। गेंदबाजी और बल्लेबाजी जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया जा रहा था। हालांकि बाद में खुद प्रधानमंत्री ने भी अपने भाषण में इन शब्दों का इस्तेमाल कर इसे कुछ हद तक सार्थकता दे दी। असल में, अविश्वास प्रस्ताव संसदीय कार्यवाही में विपक्ष का एक महत्वपूर्ण औजार है, जिसका इस्तेमाल किसी खास मुद्दे पर सरकार को घेरने के लिए किया जाता है। यह कोई नंबर गेम नहीं है। कुछ अपवादों को छोड़ दें तो अब तक तमाम अविश्वास प्रस्ताव गिर जाने की तगड़ी संभावना के बीच और उसके बावजूद लाए गए हैं। पहला अविश्वास प्रस्ताव प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सरकार के खिलाफ 1963 में चीन के हमले के बाद लाया गया था।



लोकसभा में मोदी सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव ने हमारे संसदीय लोकतंत्र की मौजूदा स्थिति को एक बार फिर उजागर कर दिया, वहीं सत्तापक्ष और विपक्ष के आपसी संबंधों में चल रही तल्खी भी इससे और बढ़ गई। इस दौरान अविश्वास प्रस्ताव जैसी महत्वपूर्ण पहल को देखने, समझने और इसकी रिपोर्टिंग करने की सीमाएं भी सामने आईं। मीडिया के एक बड़े हिस्से ने इसे एक फ्लोर टेस्ट की तरह पेश किया। अखबार और टीवी चैनल प्रस्ताव के समर्थन और विरोध में खड़े सांसदों की गिनती बताते रहे। इसी तरह सदन में दिए गए भाषणों के लोगों पर पड़ने वाले संभावित असर के बारे में अलग-अलग दावे सनसनीखेज ढंग से प्रस्तुत किए गए। कई जगहों पर इसकी तुलना किकेट मैच से हो रही थी। गेंदबाजी और बल्लेबाजी जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया जा रहा था। हालांकि बाद में खुद प्रधानमंत्री ने भी अपने भाषण में इन शब्दों का इस्तेमाल कर इसे कुछ हद तक सार्थकता दे दी। असल में, अविश्वास प्रस्ताव संसदीय कार्यवाही में विपक्ष का एक महत्वपूर्ण औजार है, जिसका इस्तेमाल किसी खास मुद्दे पर सरकार को घेरने के लिए किया जाता है। यह कोई नंबर गेम नहीं है। कुछ अपवादों को छोड़ दें तो अब तक तमाम अविश्वास प्रस्ताव गिर जाने की तगड़ी संभावना के बीच और उसके बावजूद लाए गए हैं। पहला अविश्वास प्रस्ताव प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सरकार के खिलाफ 1963 में चीन के हमले के बाद लाया गया था। नेहरू जी के पास तब प्रचंड बहुमत था। इसके बावजूद अविश्वास प्रस्ताव लाया गया और उस सरकार की तीखी आलोचना की गई। इसमें कोई शक नहीं कि संसद में दिए गए भाषणों का जनता पर काफी असर होता है, लेकिन इस असर का आकलन अक्सर सब्जेक्टिव ही होता है। इसलिए किसी अविश्वास प्रस्ताव के विश्लेषण और मूल्यांकन का बेहतर आधार यह है कि इसमें संसदीय परंपराओं का कितना पालन हुआ और जन-प्रतिनिधि जरूरी मुद्दे उठाने में किस हद तक सफल रहे। भारत की मौजूदा राजनीतिक हालत में यह देखना भी महत्वपूर्ण होगा कि इस दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष का एक दूसरे के प्रति कैसा बर्ताव रहा। इन कसौटियों पर देखा जाए तो इस अविश्वास प्रस्ताव के दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों में से किसी को भी कामयाब नहीं कहा जा सकता। इस अविश्वास प्रस्ताव में बहस काफी हद तक व्यक्तिगत बन गई। आखिरी क्षणों में तो यह सीधे-सीधे राहुल बनाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में तब्दील हो गई। विपक्ष ने मणिपुर जैसे संवेदनशील मुद्दे को केंद्र में रखा था, लेकिन फिर भी बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देशभक्ति पर सवाल उठाने और उन्हें देशद्रोही करार देने तक चली गई। अगर कांग्रेस संयम नहीं रख पाई तो बीजेपी भी बेहतर आचरण पेश नहीं कर सकी। वह भी मोदी-मोदी के नारे लगाने लगी। प्रधानमंत्री मोदी ने भी गांधी परिवार पर तीखे हमले किए। चुनावी राजनीति के लिहाज से यह सही भी हो तो संसदीय परंपराओं के हिसाब से इसे उचित नहीं ठहराया जा सकता। व्यक्तिगत हमलों पर उतर आई बहस का ही नतीजा था कि लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी को बाकी सत्र के लिए निलंबित करना पड़ा। यह तो साफ है कि इस अविश्वास प्रस्ताव ने संसदीय परंपरा को समृद्ध करने में कोई सफलता नहीं पाई, लेकिन इसने आने वाले चुनावी संघर्ष की रूपरेखा जरूर तय कर दी। इसने यह भी अंदाजा दे दिया कि यह संघर्ष कितना तीखा होगा। सवाल उठता है कि क्या विपक्ष मणिपुर के मुद्दे पर जिस तरह की बहस कराना चाहता था, उसमें सफल हुआ? क्या उसका उद्देश्य केवल इतना था कि प्रधानमंत्री की उपस्थिति में चर्चा हो? सतही तौर पर देखें तो वह इस उद्देश्य में कामयाब रहा कि प्रधानमंत्री सदन में आएं। लेकिन क्या इससे मणिपुर की समस्याओं पर सही फोकस हो पाया? यह साफ है कि जिस मुद्दे पर फोकस के लिए कांग्रेस नेता गौरव गोगोई प्रस्ताव लेकर आए थे, उस पर सदन जरूरी तवज्जो नहीं दे पाया। अगर हम सदन की कार्यवाही पर गौर करें तो 2024 के चुनावी संघर्ष के मुद्दे साफ होते दिखाई देते हैं। यह लगभग तय हो गया है कि आने वाले लोकसभा चुनावों में सांप्रदायिकता और राष्ट्रवाद महत्वपूर्ण मुद्दा होगा। कर्नाटक चुनावों के बाद कई राजनीतिक विश्लेषक मानने लगे थे कि बीजेपी हिंदुत्व के मुद्दे में नरमी लाएगी क्योंकि वहां हिंदू धार्मिक प्रतीकों के इस्तेमाल से जिस चमत्कार की उम्मीद बीजेपी ने की थी, वह पूरी नहीं हुई। इसके उलट कमजोर तबकों, बेरोजगारों आदि के लिए कल्याणकारी योजनाओं का कांग्रेस का फॉर्म्युला काम कर गया। लेकिन प्रस्ताव पर बीजेपी नेताओं के भाषणों से यही लगा कि आने वाले लोकसभा चुनावों में पार्टी हिंदुत्व के मुद्दे को केंद्र में रखेगी। जोर राष्ट्रवाद पर भी रहेगा। यही वजह है कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में यह साबित करने की कोशिश की कि कांग्रेस राष्ट्रीय हितों के खिलाफ काम करने वाली पार्टी है। उन्होंने यह भी कहा कि यह देश के टुकड़े करने वाली पार्टी है। देखा जाए तो यह फ्रर और हिंदू महासभा की अखंड भारत की परंपरागत लाइन को जिंदा करने की कोशिश है। क्या कांग्रेस इसका मुकाबला करने के लिए तैयार है? राहुल गांधी के भाषण के अंतिम हिस्सों पर गौर करें तो पता चलता है कि कांग्रेस इस बारे में आक्रामक रवैया अपनाने के मूड में है। प्रधानमंत्री मोदी और बीजेपी को भारत माता का हत्यारा और देशद्रोही बताने वाला उनका बयान इसी ओर इशारा करता है। अधीर रंजन चौधरी ने भी आजादी के आंदोलन के इतिहास के उल्लेख के जरिए यही लाइन पेश की। कुल मिलाकर इस निष्कर्ष से बचना मुश्किल है कि अविश्वास प्रस्ताव ने 2024 के चुनावी संघर्ष का खाका तो खींच दिया, लेकिन संसदीय लोकतंत्र के स्तर में लगातार आ रही गिरावट रोकने का कोई भरोसा नहीं दे सका।


**डिसक्लेमर : ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।**

# बहुत मुश्किल नहीं $5 ट्रिलियन का टारगेट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में कहा था कि वह इस बात को पक्का करेंगे कि उनके तीसरे कार्यकाल में इंडिया की इकॉनमी 5 ट्रिलियन डॉलर की हो जाए और दुनिया में तीसरे नंबर पर पहुंच जाए। अभी पहले नंबर पर अमेरिका, दूसरे पर चीन, तीसरे पर जापान और चौथे पर जर्मनी हैं। जीडीपी के लिहाज से भारत की अर्थव्यवस्था पांचवें नंबर पर है। पीएम ने जो कहा है, वैसा होना खास मुश्किल नहीं है। आइए देखते हैं कि ऐसा होना क्यों आसान बताया जा रहा है और इसका कैसा असर दिखेगा। स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक की एक रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि अब से लेकर साल 2030 तक इंडिया की नॉमिनल जीडीपी ग्रोथ 10 पर्सेंट सालाना रहेगी। इस रफ्तार से 2030 तक भारत का जीडीपी 5 नहीं, बल्कि 6 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगा। अभी भारत का जीडीपी साढ़े 3 ट्रिलियन डॉलर के आसपास है। दूसरे देशों से भारत का जो व्यापार है, उसका सबसे ज्यादा योगदान होगा जीडीपी बढ़ाने में। फाइनैंशल ईयर 2023 में एक्सटर्नल ट्रेड 1.2 ट्रिलियन डॉलर का था। यह साल 2030 तक बढ़कर 2.1 ट्रिलियन डॉलर हो सकता है। इसके बाद ग्रोथ में योगदान होगा देश के भीतर होने वाली खरीद-फरोख्त का। स्टैंडर्ड चार्टर्ड की रिपोर्ट कहती है कि फाइनैंशल ईयर 2021 में इस हाउसहोल्ड कंजम्पशन का साइज 2.1 ट्रिलियन डॉलर का था, लेकिन वित्त वर्ष 2030 तक यह बढ़कर 3.4 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगा। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि वित्त वर्ष 2023 में भारत में प्रति व्यक्ति आमदनी 2450 डॉलर थी, लेकिन फाइनैंशल ईयर 2030 तक यह लगभग 70 प्रतिशत बढ़ जाएगी। तब इंडिया की प्रति व्यक्ति आय 4000 डॉलर हो जाएगी। इस तरह इंडिया मिडल इनकम इकॉनमी बन जाएगा। साल 2030 तक देश के कम से कम 9 राज्य ऐसे होंगे, जहां की प्रति व्यक्ति आमदनी 4000 डॉलर होगी। अभी इस कैटिगरी के करीब केवल तेलंगाना है। स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ने जो अनुमान लगाया है, कुछ वैसा ही अनुमान दूसरे लोग भी लगा रहे हैं। अठे रिसर्च के इकनॉमिस्ट धीरज लिम का कहना है कि साल 2030 तक भारत की औसत ग्रोथ 8 प्रतिशत रहने का अनुमान है और तब तक भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में तीसरे नंबर पर पहुंच जाएगी। साल 2030 तक भारत का नॉमिनल जीडीपी 7 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा हो सकता है। जानकार बताते हैं कि भारत कुछ मोर्चे पर स्थिति मजबूत कर ले तो जीडीपी ग्रोथ छलांगें लगाती दिखेगी लेकिन अठे रिसर्च के इकनॉमिस्ट का यह भी कहना है कि अभी जो हाल है, अगर ऐसा ही बना रहा, तो साल 2030 तक भारत की ऐवरेज जीडीपी ग्रोथ 6.2 प्रतिशत तक ही रह जाने का खतरा है। यह 2019 तक के 10 वर्षों में दिखी ऐवरेज ग्रोथ से कम होगी। उस दौरान औसत जीडीपी ग्रोथ 7.1 प्रतिशत थी। यही नहीं, 2030 के बाद साल 2050 तक ऋद्ध ग्रोथ घटकर 4 प्रतिशत तक जा सकती है। इस लिहाज से अठे रिसर्च के अर्थशास्त्री कुछ चुनौतियों का जिक्र करते हैं। भारत की लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट घट रही है। यानी लेबर फोर्स में 15 से 64 साल की कामकाजी उम्र वाले लोगों की हिस्सेदारी कम हो रही है। खासतौर से महिलाओं की। वर्ल्ड बैंक का कहना है कि साल 2000 में भारत का छत्रद्धफ 60 प्रतिशत था, जो अब घटकर 53 प्रतिशत के आसपास आ गया है। भारत की वर्कफोर्स पढ़ाई-लिखाई के मामले में भी काफी पीछे है। बालिग कामकाजी लोग मुश्किल से 6.7 साल की औसत स्कूलिंग वाले हैं। स्किल इंडिया जैसे कदम ठीक हैं, लेकिन इनका दायरा और इनकी क्वॉलिटी बेहतर करनी होगी। भारत की वर्कफोर्स का महज 2.3 प्रतिशत हिस्सा ऐसा है, जिसने स्किल डिवेलपमेंट का कोई औपचारिक प्रशिक्षण लिया है। इन बातों को देखते हुए पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता है कि भारत तूफानी रफ्तार से आगे बढ़ेगा। इसके लिए कई मोर्चों पर काम करना होगा। इंडिया को खेती-बाड़ी से सरप्लस लेबर को मैन्युफैक्चरिंग की ओर लाना होगा। आरबीआई के आंकड़े बताते हैं कि रोजगार में खेती-बाड़ी की हिस्सेदारी 1980 के दशक में 72 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 50 प्रतिशत के आसपास आ गई है। खेती-बाड़ी से जो लेबर हटा है, वह मोटे तौर पर या तो कंस्ट्रक्शन में गया है या ट्रेड से जुड़ी सेवाओं में, जहां मैन्युफैक्चरिंग जैसी प्रॉडक्टिविटी नहीं होती। रोजगार के मौकों के लिहाज से मैन्युफैक्चरिंग की हिस्सेदारी 12 प्रतिशत के आसपास ही बनी हुई है। इस हालत को बदलना होगा। लिम कहते हैं कि अगर रोजगार के अधिक मौके बनें, लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट बढ़कर 60 प्रतिशत हो जाए, लोगों की पढ़ाई-लिखाई बेहतर हो, उनकी ऐवरेज स्कूलिंग 12 साल तक पहुंच जाए और प्रॉडक्टिविटी बढ़ जाए, तो साल 2040 तक भारत की प्रति व्यक्ति आय 13 हजार डॉलर से ज्यादा हो सकती है। लिम की तरह स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक की रिपोर्ट में भी कुछ चिंताएं जताई गई हैं। कहा गया कि देश की प्रति व्यक्ति आमदनी साल 2030 तक भले ही 4000 डॉलर तक पहुंच जाए, लेकिन बड़ी आबादी वाले दो राज्य- यूपी और बिहार बाकियों से काफी पीछे दिखेंगे। यूपी, बिहार में भी प्रति व्यक्ति आमदनी बढ़ेगी, लेकिन उसके 2000 डॉलर तक ही पहुंच पाने का अनुमान है। इसका मतलब यह है कि देश की 25 प्रतिशत आबादी के लिए प्रति व्यक्ति आमदनी साल 2030 तक 2000 डॉलर ही होगी। स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक की रिपोर्ट में रोजगार के मौके घटने पर भी चिंता जताई गई है। इसमें कहा गया है कि इंडिया की इकॉनमिक ग्रोथ तेज करने के लिए आर्थिक सुधारों की रफ्तार बढ़ानी होगी, फाइनैंशल सेक्टर की हालत सुधारनी होगी, कॉरपोरेट सेक्टर में कर्ज घटाना होगा, सरकार को कैपिटल एक्सपेंडिचर बढ़ाना होगा और रोजगार के ज्यादा मौके बनाने होंगे।

## Social Media Corner

सच के हक में...



गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में निरंतर वृक्षारोपण और पार्कों के निर्माण से पूरे क्षेत्र के ग्रीन कवर को बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। इसी दिशा में GIHED CREDAI द्वारा 450 सोसाइटी में सामूहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पर्यावरण को संरक्षित करने वाले इस जनभागीदारी की पहल के लिए उन्हें बधाई देता हूं।

**(गृह मंत्री अमित शाह के ट्विटर अकाउंट से)**



भारत मां की गोदी में अपने शीष चढ़ाते हैं,
सीमा पर दुश्मन के इरादों को वो उड़ाते हैं ’
मुश्किल से घिर जाये तो काम नया कर देते हैं,
काल चक्र के भय को भी पल में वो हर लेते है!
मां भारती की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले झारखंड के वीर सपूत अजय राय जी की अंतिम यात्रा में उमड़ी देशभक्तों की भीड़ यह प्रमाण है कि, हमारे सैनिकों के त्याग और बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। अजय जी के पराक्रम एवं शहादत को शत शत नमन।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# नागरिक सुरक्षा और सरकार

चौदह अगस्त को राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा दिवस है, जिसके मायने मानवीय जीवन के लिए बहुत खास हैं। तेज भागती जिंदगी और मशीनरी युग में दौड़ती इंसानी जीवनशैली में जोखिम की कमी नहीं है। किसी के साथ कब क्या हो जाए, कुछ नहीं पता? नागरिक सुरक्षा दुरुस्त करना, चाहें राज्य की सरकारें हों या केंद्र सरकार, सबका पहला धर्म होता है कि वह अपने लोगों को सुरक्षा की गारंटी दें। इस दायित्व से कोई मुंह नहीं मोड़ सकता। समाज का जिम्मेदार नागरिक जब अपनी सरकार से किसी चीज की मांग करता है, उसके लिए उसे धरना, आंदोलन भी करना पड़ता है, तो उसका समाधान निकालना सरकार की पहली जिम्मेदारी होती है। पर, आज के वक्त में परिदृश्य बहुत बदल चुका है। नागरिक मांगों पर सरकारें मुंह फेरती हैं, सामाजिक मुद्दों को इग्नोर करती हैं। तब, ऐसा प्रतीत होता है कि सामाजिक सुरक्षा को लेकर हुकूमतें गंभीर नहीं है। हुकूमतें ऐसा न करें, उसी को याद दिलवाने के लिए प्रत्येक वर्ष 14 अगस्त को राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा की गारंटी बदलते समय की जरूरत है, क्योंकि मानव वास्तविक रूप से एक अमूल्य सामाजिक जीवित प्राणी है। सामाजिक प्राणी होने के कारण उसको एक नहीं, बल्कि अनेक जरूरतों का सामना करना पड़ता है। वह कभी दूसरों को आश्रय देता है, तो कभी स्वयं को भी दूसरों पर स्थितिवश आश्रित होना पड़ता है। आधुनिक यांत्रिक युग में इंसान अनेक प्रकार की घटना-दुर्घटनाओं का शिकार होता रहता है। उन दुर्घटनाओं से मुक्ति दिलाने के लिए आवश्यक होता है कि प्रत्येक व्यक्ति को सरकारें सामाजिक सुरक्षा की मुकम्मल गांरटी दें, क्योंकि वक्त जोखिमों से भरा है, कोरोना जैसी अचानक दस्तक देनी वाली जानलेवा बीमारी, प्रकृतिक आपदाएं, बेमौसम बारिश से प्रभावित होते किसान, बाढ़-बारिश से पीड़ित गरीब आदि को उभारने के लिए सामाजिक सुरक्षा का होना अब और जरूरी हो गया है। बहरहाल, सबसे पहले हमें अपने अधिकारों के प्रति सचेत और जागरूक होने की जरूरत होती है। कई दफा ऐसे होता है जागरुकता के अभाव में हम अपने अधिकारों को भूल जाते हैं और शोषण का शिकार हो जाते हैं। नागरिक सुरक्षा के लिए कुछ अधिनियमों का प्रावधान है, जिन्हें सरकार ने ही बनाया है नागरिकों के लिए। जैसे, कर्मचारी प्रीविडेंट फंड अधिनियम, कोयला खान भविष्य निधि एवं विविध उपबंध, श्रमिक क्षतिपूर्ति संशोधित, प्रसूति लाभ अधिनियम, राज्य बीमा संशोधित अधिनियम, कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध व्यवस्था अधिनियम, वृद्धावस्था पेंशन योजना, अनुग्रह भुगतान संशोधित अधिनियम व सामाजिक सुरक्षा सर्टीफिकेट आदि, ये ऐसे अधिनियम हैं जिनमें सरकारें बंधी होती है। इन अधिनियमों के मुताबिक कानूनन सुरक्षा देना ही होता है। इनका जब उल्लंघन होता है तो लोगों को मजबूरन कोर्ट-कचहरी जाना पड़ता है। इसलिए सभी नागरिकों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने की दरकार है। इसलिए आज के दिवस के मायनों को जरूर समझें। दरअसल, सामाजिक सुरक्षा का मूल विचार सामुदायिक आयोजन, सामुदायिक उत्तरदायित्व व नागरिकों के कर्तव्यों और अधिकारों का सामुदायिक स्तर पर सुधारना होता है जिसमें गरीबी को हटाना, अभाव को मिटाना और जरूरतमंद व्यक्तियों के रहन-सहन के वांछित स्तर को ठीक करना होता है। हिंदुस्तान जैसे विकासशील और विकसित देशों में सामाजिक सुरक्षा विषय को गरीबी, बेरोजगारी तथा बीमारी का उन्मूलन दृष्टि से राष्ट्रीय योजना का अभिन्न व महत्वपूर्ण अंग माना गया है। सरकारी विचारों से सुरक्षा का महत्व अधिक स्पष्ट होता है। सामाजिक सुरक्षा शब्द का उद्गम औपचारिक रूप से सन 1935 में हुआ, जब पहली बार अमेरिका में नागरिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम का श्रीगणेश किया गया।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



कांके प्रखंड के खाद्यान्न राशन लाभुकों को पीडीएस दुकानदारों से अगस्त माह का राशन मिलने की संभावना कम ही है। क्योंकि सरकार और विभाग की लापरवाही के कारण राशन दुकानदारों को खाद्यान्न चावल गेहूं नहीं मिला है। प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों ने बताया कि दिसंबर माह 2022 का पीएमजीआरकेवाई योजना के राशन को अगस्त माह 2023 में विभाग द्वारा समायोजित कर दिया गया है। जबकि दिसंबर माह 2022 का खाद्यान्न राशन पीएमजीआरकेवाई योजना का खाद्यान्न कांके प्रखंड के जनवितरण दुकानदारों को अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। जबकि राशन डीलरों के कंप्यूटर डाटा बेस में विभाग की लापरवाही के कारण आवंटन दिखाया जा रहा है। जिसे दुकानदार गलत बता रहे हैं। प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों ने इसके खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए इसकी उच्चस्तरीय जांच व कार्रवाई की मांग की है। इस व्यवस्था में सुधार की जरूरत है। क्योंकि जन वितरण प्रणाली व्यवस्था पर राज्य के एक बड़े तबके की उम्मीद टिकी है। इस व्यवस्था में सुधार के लिए राज्य ही नहीं केंद्र सरकार भी अध्यादेश ला चुकी है। बावजूद इसे सुदृढ़ बनाने में कुछ जिम्मेवारों की रूचि कम दिखाई पड़ती है। अधिकारियों के स्तर से अगर इसपर सुधार का संकल्प लिया जाए तो निश्चित तौर पर पूरा सिस्टम सुधर सकता है। इसमें सुधार होने से राज्य का आम जनों के बीच अफसरों और सरकार की छवि बेहतर बनेगी।

**सबीबुल रहमान, झामुमो नेता सह अध्यक्ष जन वितरण प्रणाली संघ कांके।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

BRIEF NEWS

### हिंदू जागरण मंच ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**CHAIBASA :** चाईबासा हिंदू जागरण मंच के द्वारा नीमडीह स्थित बालमंडली सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन भाजपा नेता अमरप्रीत सिंह काले ने किया। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़ कर रक्तदान किया। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि अमरप्रीत सिंह काले ने रक्त दाताओं की तारीफ की और कहा रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य नहीं। शिविर में भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश पुरी, महासचिव प्रताप कटियार सहित भाजपा के अनुषांगिक संगठन के अनेक पदाधिकारी महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सायतबा वन परिक्षेत्र में मना विश्व हाथी दिवस

**CHAIBASA :** कोल्हान वन प्रमंडल के सायतबा वन परिक्षेत्र स्थित संत जोसेफ मध्य विद्यालय परिसर खूंटपानी में विश्व हाथी दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक भूषण के निदेर्शानुसार आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकालकर किया गया। प्रभातफेरी खुंटपानी गांव से निकाला गया। इसके बाद विद्यालय प्रांगण में निबंध, चित्रांकन, संगीत, क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को विभाग की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर वन क्षेत्र पदाधिकारी, सायतबा शंकर भगत ने कहा कि हाथी दिवस मनाने का उद्देश्य हाथियों को बचाने के लिए जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर विद्यालय प्रिंसिपल, शिक्षकगण, सैतबा वन क्षेत्र के सभी वनकर्मी, वन समिति के अध्यक्ष, सदस्य, ग्रामीण एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

### 15 साल से आधा-अधूरा पड़ा है पुलिया का निर्माण कार्य

**CHAIBASA :** खुंटपानी प्रखण्ड अंतर्गत पुरनियां पंचायत के मुख्य सड़क की पुलिया पिछले 15 साल से आज भी अधूरी पड़ी हुई है। इससे तीन गांवों कुछुहातु, बागुसेरेंग और सोनरो के ग्रामीणों को प्रखंड कार्यालय आने-जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन्हे, प्रखंड कार्यालय जाने के लिए 5 किलोमिटर दूर से घूमकर जाना पड़ता है। ग्रामीणों की मांग है कि यथाशीघ्र इस पुलिया को पूर्ण किया जाए अन्यथा ग्रामीण मजबूरन जनांदोलन करने का मजबूर हो जाएंगे। मौके पर पुरनियां पंचायत मुखिया मुक्ता बिरुली, कुचुहातु ग्रामीण मुंडा राजेन्दर होनहागा, सोनरो ग्रामीण मुंडा कुजरी पूर्ति, बागुसेरेंग ग्रामीण मुंडा महावीर जोंको, मुखिया प्रतिनिधि पोरेश बिरूली, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सकरी दोंगो, भूतपूर्व प्रखंड अध्यक्ष अजित कान्डेयांग, मंडल कांग्रेस अध्यक्ष अशोक मुंडारी, कांग्रेस प्रवक्ता बैगो बोदरा, समाजसेवी पुस्तम पूर्ति, नरेश मेलगान्डी, माझी मेलगान्डी और काफी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।

### पश्चिमी सिंहभूम के दस फुटबॉल रेफरी फिटनेस टेस्ट में हुए पास

**CHAIBASA :** झारखंड फुटबॉल संघ के तत्वावधान में बोकारो व लोहरदगा में रेफरियों का फिटनेस टेस्ट आयोजित हुआ। इसमें राज्य भर के विभिन्न जिलों के कुल सात सौ रेफरियों ने हिस्सा लिया। इनमे से पश्चिमी सिंहभूम जिला से सिंहभूम स्पोर्ट्स एसोसिएशन के दस रेफरी पास हुए। महिला रेफरियों (कैटेगरी -5) में मालती मुंडा, पुनामी बागे, सीता गोप पास हुई, पुरुष रेफरियों (कैटेगरी-4) में प्रकाश चन्द्र सवैया, कैटेगरी- 5 में रंजीत सैवयां, सन्नी बारी, सोंगा सुंडी, रोहित जेराई, तैसुम आलम, फ्रांसिस बेसरा ने पास किया हैं। कुल दस रेफरी शारीरिक दक्षता व लिखित परीक्षा देने के बाद पास हुए। इन रेफरियों को सिंहभूम स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों टीके मित्रा, कुलचंद्र कुजूर, अर्जुन बानरा, ई हक, सुबोध खंडाइत, मानकी कुदादा, जितेन्द्र बारी और लव अल्डा ने पास होने पर बधाई दी।

# SBI ग्राहक सेवा केंद्र में अपराधियों ने की लूटपाट, एक लाख लेकर फरार

- भीड़ से बचने के लिए हवा में की तीन राउंड फायरिंग, एक ग्रामीण को लगी गोली
- निजामसाही के पास युवकों ने मोटरसाइकिल के पहिये में बांस फंसाकर अपराधियों को गिराया
- जमशेदपुर के परसुडीह का रहने वाला एक बदमाश धराया, रिवाल्वर बरामद



गिरफ्तार अपराधी। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ODISHA :** ओडिशा में क्योंझर जिला के जोड़ा थाना अंतर्गत देवझर ग्राम पंचायत के सियालिजोड़ा आनंद बाजार में शनिवार की शाम झारखंड पंजीकृत नंबर मोटरसाइकिल पर सवार जमशेदपुर के तीन लुटेरों ने स्थानीय एसबीआई ग्राहक सेवा केन्द्र में प्रवेश कर एक लाख रुपये और एक व्यक्ति से पांच हजार रुपये लूट लिये। लूट को अंजाम देने के बाद भागने के क्रम में कुल्हो हुंडूला ग्राम में स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें रोकने की कोशिश की गयी मगर हवा में फायरिंग कर अपराधी फरार होने में सफल रहे। बाद में निजामसाही मार्ग से झारखंड की ओर भागने के प्रयास में युवकों ने मोटरसाइकिल के पहिए में बांस घुसा दिया जिससे तीनों मोटरसाइकिल से गिर गए।

इसी बीच लुटेरों ने फायरिंग की। लुटेरे की गोली से निजामसाही निवासी सोरेन पुरती नामक व्यक्ति घायल हो गया। उसे इलाज के लिए बासुदेबपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहीं, भागने के क्रम में एक अपराधी ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गया। ग्रामीणों ने दबोचे गए लुटेरे को दम भर पीटा। इसके बाद जोड़ा थाने की पुलिस के सुपुर्द कर दिया। दबोचा गया जमशेदपुर परसुडीह इलाके का साहिल गागराई है। उसके पास से पुलिस ने एक पिस्तौल व मोटरसाइकिल जब्त कर ली है। घटना के बाद जोड़ा थाने में मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित साहिल गागराई को चंपुआ जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि लूटकांड को अंजाम देकर फरार अन्य दो साथियों का नाम मिल गया है। पुलिस ने उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लेगी।

# सीआरपीएफ 197वीं बटालियन के जवानों ने निकाली बाइक रैली

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** आजादी का अमृत महोत्सव को लेकर सीआरपीएफ 197वीं बटालियन द्वारा आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में कमांडेंट संजय कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी कुलदीप कुमार, उप कमांडेंट एचपी मोनो अनल तथा वाहिनी के अन्य अधिकारी व जवानों ने हाथों में तिरंगा लेकर शहर के पुलिस लाइन से शहीद पार्क, सदर अस्पताल, ब्लॉक ऑफिस एरिया, टाटा कॉलेज, चाईबासा बस स्टैंड का भ्रमण करते हुए शहर के लोगों को हर घर तिरंगा कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।



इस कार्यक्रम में शहर के आम नागरिकों ने भी बढ़-चढ़ भाग लिया। सीआरपीएफ के 174वीं बटालियन ने भी अंजदबेड़ा, टोन्टो, रेंगड़ाहातु, बरकेला तथा बड़ालगिया में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया। घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लोगों ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# स्वतंत्रता दिवस को लेकर उपायुक्त अनन्य मित्तल के नेतृत्व में किया गया परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन के पूर्व रविवार को मुख्य कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन केंद्र-चाईबासा में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त अनन्य मित्तल के नेतृत्व तथा पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर की मौजूदगी में मुख्य समारोह दौरान होने वाले परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य कार्यक्रम हेतु निर्धारित समयानुसार मंच पर सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक तदुपरांत उपायुक्त के आगमन पश्चात परेड में शामिल प्लाटून के द्वारा द्वय पदाधिकारियों को सलामी दिया गया, सलामी उपरांत उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड का निरीक्षण तथा ध्वजारोहण किया गया।

फुल ड्रेस रिहर्सल समारोह से पूर्व सीआरपीएफ-174 के जवानों द्वारा पुलिस लाइन केंद्र से शहर में जय जवान, वंदे मातरम्‌ आदि उद्घोष के साथ बाइक रैली का भी आयोजन किया गया।




रिहर्सल के दौरान झंडे को सलामी देते उपायुक्त व अन्य। ● फोटोन न्यूज

पश्चिमी सिंहभूम जिला में पुलिस लाइन केंद्र-चाईबासा में आयोजित राजकीय समारोह में राज्य की महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री श्रीमती जोबा माझी के कर-कमलो द्वारा पूर्वाह्न 9:05 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम स्थल के बाद पूर्वाह्न 10:10 बजे सिंहभूम आयुक्त कार्यालय सहित जिला परिषद कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय-सदर चाईबासा, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी का कार्यालय तथा पूर्वाह्न 10:50 बजे जिला समाहरणालय में ध्वजारोहण किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या 14 अगस्त 2023 को चाईबासा स्थित पिल्लई सभागार में अपराह्न 1:30 से स्कूली बच्चों की सहभागिता से सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2023 को अपराह्न 1:30 से फैंसी फुटबॉल मैच का आयोजन किया जाएगा।

पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत पूरे हर्षोल्लास तथा गौरवमयी वातावरण में स्वतंत्रता दिवस को समारोह पूर्वक मनाने तथा प्रत्येक नागरिक का ऑनलाइन माध्यम से चाईबासा में आयोजित मुख्य समारोह में भाग लेने को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से DC West singhbhum फेसबुक पेज के माध्यम से राजकीय समारोह का सजीव प्रसारण भी किया जाएगा। समारोह से जुड़ने के लिए लिंक https://www.facebook.com/WestSinghbhum.DC?mibextid=ZbWKwL पर विजिट करें। उक्त समारोह में केंद्रीय रिजर्व बल, जिला सशस्त्र पुलिस (महिला/पुरुष), गृह रक्षक, सहायक पुलिस (महिला/पुरुष), एनसीसी-टाटा कॉलेज, संत जेवियर उच्च विद्यालय-लुपंगुटू, स्काउट एंड गाइड-चाईबासा, जेवियर गाइड-चाईबासा की कुल 10 प्लाटून तथा संत जेवियर उच्च विद्यालय-लुपंगुटू की बैंड पार्टी परेड में शामिल है।

## मणिपुर घटना को लेकर ईसाईयों ने निकाली रैली

# देश में जाति और धर्म के नाम पर फैलाई जा रही हिंसा : बिशप फूलचांद महतो

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** मणिपुर में ईसाईयों को निशाना बनाकर घट रही घटनाओं को लेकर रविवार को चाईबासा के ईसाई समुदाय ने शांतिपूर्ण रैली निकालकर विरोध जताया। यूनाइटेड यूथ फेलोशिप के बैनर तले निकाली गई। रैली सीएनआई चर्च परिसर से आरंभ होकर पोस्ट ऑफिस चौक गई जहां रैली के नेतृत्वकर्ताओं ने जनसभा किया।



रैली में शामिल ईसाई समुदाय की महिलाएं। ● फोटोन न्यूज

ईसाई समुदाय ने मणिपुर हिंसा पर सरकारी निष्क्रियता के प्रति रोष प्रकट किया है। जनसमूह के हाथों में तख्तियां थीं, जिसमें मणिपुर में हिंसा रोकने की गुहार लगाई गई है। जनसभा में बिशप फूलचंद महतो ने कहा कि जिस देश को शांति और न्यायप्रिय के लिए जाना जाता है उस देश में जाति और धर्म के नाम पर हिंसा फैलाई जा रही है। यह कैसी बिडंबना है।

पूर्व मुखिया रोबर्ट सावैयां ने कहा कि एक तरफ आदिवासियों को जाति और धर्म के नाम पर बांटा जा रहा है, दूसरी ओर धर्म के नाम पर नग्न करके नारियों को प्रताड़ित करने वाले को सजा देना जरूरी नहीं समझा जा रहा है। कैथोलिक महिला मंडल की अध्यक्ष सिबिरिया डुंगडुंग ने कहा कि नारी मानव सृष्टि का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसे नग्न कर अपमानित किया जा रहा है फिर भी सरकार मौन है। उन्होंने मानवता को शर्मिन्दा नहीं करने की अपील की। कहा कि लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष देश में लोक सुरक्षा हेतु सरकारी निष्क्रियता अचंभित करने वाली है।

सरकार से मांग किया जाता है कि मणिपुर में शांतिपूर्ण माहौल का निर्माण हेतु सरकार उचित पहल करे और सभी समुदायों को स्वतंत्र तरीके से जीवन जीने का अधिकार प्राप्त हो। वक्ताओं ने कहा कि सरकार कैसे गैर जिम्मेदार तरीके से पेश आ सकती है। जनसभा में भारत माता का जयकारा किया गया। इसके बाद रैली संत जेवियर्स स्कूल मैदान में समाप्त हुई।

# कुड़ुख पुस्तकालय में निबंध व चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** बानटोला स्थित कुड़ुख पुस्तकालय की स्थापना के छह वर्ष पुरे होने व देश की आजादी के 76वें वर्षगांठ के अवसर पर पुस्तकालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के लिए रविवार को निबंध व चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। निबंध प्रतियोगिता का विषय वर्ग के अनुसार 7, 8, 9 एवं वर्ग 10 के लिए भगवान बिरसा मुंडा अथवा जीवन में मोबाइल का प्रभाव, वर्ग 11 एवं 12 का विषय बाबा कार्तिक उरांव अथवा शिक्षा में डिजिटलीकरण का प्रभाव था। चित्रकला प्रतियोगिता में वर्ग 3 से 5 का विषय प्राकृतिक दृश्य या मोर का चित्र बनाना था। वर्ग 6 से 8 का विषय प्राकृतिक दृश्य या झारखंड का नक्शा बनाना था।



प्रतियोगिता में शामिल बच्चे। ● फोटोन न्यूज

इसके लिए कुल एक घंटे का समय दिया गया था।

**सफल प्रतिभागी 15 अगस्त को होंगे पुरस्कृत :** सफल प्रतिभागियों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता में कुल 90 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में विशेष रूप से रामेश्वर बोईपाई, शंभू डे, इंद्रदेव कच्छप, निशा तिर्की, रोहन तिग्गा, युवराज लकड़ा, मनीषा तिर्की, अमित कुजूर, रोहित खालको, राधिका तिर्की, सरिता खलखो आदि ने अपना सहयोग दिया।

# सीआरपीएफ के जवानों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**PHOTON NEWS CHAKRADHARPUR :** आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर रविवार को चक्रधरपुर की सीआरपीएफ 60वीं बटालियन की ओर से शहर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा चक्रधरपुर के आसनतलिया स्थित सीआरपीएफ 60वीं बटालियन के मुख्यालय से निकाली गई। इस दौरान सीआरपीएफ के जवान पैदल व मोटरसाइकिल में हाथों में तिरंगा लेकर लहराते हुए चल रहे थे। यह तिरंगा यात्रा रांची चाईबासा मुख्य मार्ग होते हुए चक्रधरपुर के पवन चौक पहुंची। यहां लोगों के बीच तिरंगा झंडा बांटे गए। इस दौरान देश भक्ति गीत भी बजाए जा रहे थे।



तिरंगा यात्रा में शामिल सीआरपीएफ के जवान ● फोटोन न्यूज

**लोगों के बीच बांटे गए तिरंगा झंडा :** लोगों के बीच तिरंगा बांटते सीआरपीएफ के अधिकारी।

पवन चौक, भगत सिंह चौक व अन्य जगहों पर लोगों के बीच तिरंगा झंडा बांटे जाने के बाद पुनः तिरंगा यात्रा सीआरपीएफ 60वीं बटालियन के मुख्यालय पहुंची। इस मौके पर सीआरपीएफ 60वीं बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी वी टोनी, डिप्टी कमांडेंट मुकेश पांडेय के अलावे सीआरपीएफ 60वीं बटालियन के अन्य अधिकारी व जवान मौजूद थे।

# हिंदू जागरण मंच ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** चाईबासा हिंदू जागरण मंच के द्वारा नीमडीह स्थित बालमंडली सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन भाजपा नेता अमरप्रीत सिंह काले ने किया। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़ कर रक्तदान किया। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि अमरप्रीत सिंह काले ने रक्त दाताओं की तारीफ की और कहा रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य नहीं। शिविर में भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश पुरी, महासचिव प्रताप कटियार सहित भाजपा के अनुषांगिक संगठन के अनेक पदाधिकारी महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## KOLHAN UNVERSITY में हर्षोल्लास से मनाया गया 15वां स्थापना दिवस, खेल-कूद, क्विज सहित कई रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

# अपनी संस्कृति और रीति-रिवाज की जानकारी के लिए शोध जरूरी : अजय लिंडा

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** कोल्हान विश्वविद्यालय का 15 वें स्थापना दिवस समारोह रविवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कोल्हान विवि के ऑडिटोरियम में आयोजित स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं कुलगीत के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोल्हान प्रमंडल के उप महानिरीक्षक अजय लिंडा रहे। कार्यक्रम में कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलपति सह प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार एवं विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारीगण तथा अधिविद परिषद के सदस्य राजेश शुक्ला, केपी दुबे, नितिन प्रकाश एवं मणिपाल चिकित्सा महाविद्यालय के निदेशक राजीव द्विवेदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन केयू के खेल प्रभारी डॉ मन्मथ नारायण सिंह एवं एनएसएस समन्वयक डॉ दारा सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के सेवा निवृत्त शिक्षकों के उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वहीं विभिन्न खेलकूद तथा शिक्षा के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित करनेवाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस समारोह में छात्र छात्राओं ने गायन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोहा।




कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि। ● फोटोन न्यूज



कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं। ● फोटोन न्यूज

अपने संबोधन में कुलपति मनोज कुमार ने कोल्हान क्षेत्र की प्राकृतिक संरचना का वर्णन करते हुए यहां की परंपरा, जनजाति एवं संस्कृति की महत्ता के साथ विश्वविद्यालय की गुणवत्ता एवं छात्रों के चरित्र निर्माण पर बल दिया। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा किए सराहनीय कदम, नए कीर्तिमान एवं शिक्षा तथा खेलकूद में उपलब्धियों पर चर्चा की। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. जयंत शेखर ने भी विश्वविद्यालय के आधारभूत संरचना एवं सुविधाओं की चर्चा की। उन्होंने दर्शनशास्त्र विभाग की ओर से आदिवासी दर्शन पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार एवं गांधी दर्शन, विभाग की ओर से प्रकाशित शिक्षा एवं संस्कृति नामक पुस्तक के लिए विभागाध्यक्ष डा. दीपेंद्र श्रीवास्तव व उनके टीम का बधाई दी।

वहीं मुख्य अतिथि के रूप में कोल्हान प्रमंडल के उप महानिरीक्षक अजय लिंडा ने छात्र छात्राओं के मनोबल को बढ़ाना, अधिगम योग्य वातावरण का निर्माण, नैतिक शिक्षा एवं सामाजिक मानक मूल्यों के साथ छात्रों में मानवीय गुणों को आत्मसात करना महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में जनजाति के छात्र अधिक पढ़ाई करते हैं। उन्हें अपनी संस्कृति और रीति-रिवाज के बारे विस्तृत जानकारी के लिए इस पर शोध होना चाहिए। शिक्षा के लिए अच्छा माहौल देने की जरुरत है। पढ़ाई करने वाले बच्चों को बी और डी के बीच सी पर ध्यान देकर आगे बढ़ना चाहिए। बी से बर्थ और डी से डेथ होता है। लेकिन इसके बीच में सी यानि च्वाईस आता है। इस पर छात्रों को फोकस करना जरुरी है। विपरीत परिस्थिति में आप किस प्रकार तैयार होते हैं वही आपका कैरियर का दिशा तय करता है। परेशानी कभी खत्म नहीं होगी, लेकिन उसी से लड़ते हुए हमें आगे बढ़ना है। जिस क्षेत्र में जायें मेहनत के बिना कुछ हासिल नहीं किया जा सकता है। छात्रों में नैतिक व सामाजिक शिक्षा होना बहुत जरुरी है।

कोल्हान विश्वविद्यालय के संस्थापक वरिष्ठ सिंडिकेट सदस्य और राज्य के सुप्रसिद्ध वरीय अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने कहा है कि वे स्थापना काल से इस विश्वविद्यालय से जुड़े रहे है। इसमें आने वाली चुनौतियों और समस्याओं का समाधान कराया है। अब कोल्हान विश्वविद्यालय आदर्श गुरुकुल के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। आज यहां के छात्र छात्राएं विभिन्न क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित कर रहे है। उन्होंने छात्रों एवं विश्वविद्यालय में गुणवत्ता के आविर्भाव के लिए कुलपति एवं अधिकारियों के पहल की सराहना की तथा उत्साह वर्धन हेतु राष्ट्रकवि दिनकर की प्रेरणादायी कविताओं को उद्धृत किया। वहीं के पी दुबे एवं नितिन प्रकाश ने अपने मंतव्य विश्वविद्यालय की गुणवत्ता के संदर्भ में रखा। विशिष्ट अतिथि के रूप में मणिपाल मेडिकल कॉलेज के निदेशक राजीव द्विवेदी ने भारतीय संस्कृति एवं परंपरा की महत्ता को बताते हुए छात्रों में ज्ञान के साथ साथ संस्कारों का रोपण महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम में एनएसएस पुरस्कार के लिए प्रथम स्थान आकांक्षा पटनायक, द्वितीय प्रियंका प्रियदर्शनी एवं तृतीय स्थान पर रहे मानव घोष को पुरस्कृत किया गया। वहीं आर्चरी खेलो इंडिया के तहत स्वर्ण पदक जीतने वाली अंशिका को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा विभिन्न खेलकूद में उत्तम उपलब्धियों के लिए छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। क्विज प्रतियोगिता में राज मधेशिया, पवन कुमार यादव एवं पवन महतो को पुरस्कृत किया गया। अंतर विश्वविद्यालय आर्चरी में हीरामणि सिंकू, निर्मला महतो, शानिया वर्मा, स्नेहा गोप, कृष्ण पिंगुआ को पुरस्कृत किया गया। रोहिंटन बारिया ट्रॉफी के लिए कैप्टन अमरदीप सिंह को पुरस्कृत किया गया। वहीं अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट के वीजी ट्रॉफी में बेहतर प्रदर्शन के लिए कुमार कुशाग्र, कुमार करण, मनीषी, भानु आनंद को पुरस्कृत किया गया। अंतर महाविद्यालय टूर्नामेंट में एथलीट के लिए रानिका हांसदा एवं प्रसाद मार्डी को पुरस्कृत किया गया। फुटबॉल में बेहतर प्रदर्शन के लिए दुर्गापद मार्डी व राहुल कुमार पुरस्कृत हुए। बैडमिंटन के क्षेत्र में मोनिका बानरा, बास्केट बॉल, शतरंज में करीम सिटी कॉलेज को पुरस्कृत किया गया। ताइक्वांडो के लिए जेएलएन कॉलेज को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ एससी दास ने धन्यवाद ज्ञापन किया।



# जेलर ने तोड़े सभी रिकॉर्ड

दक्षिण भारत सिने उद्योग में थलाइवा के नाम से ख्यात रजनीकांत ने अपनी नई फिल्म जेलर के जरिये एक बार फिर से बॉक्स ऑफिस पर अपना परचम लहराया है। जेलर ने पहले दिन उम्मीदों से कहीं ज्यादा का कारोबार करते हुए स्वयं को इस वर्ष सर्वाधिक कमाई वाली फिल्मों की सूची में पहले पायदान पर आने का संकेत पहले दिन दे दिया है। जेलर 10 अगस्त को रिलीज हुई और पहले ही शो के साथ रजनी ने अपने अंदाज से सभी को दीवाना बनाना शुरू कर दिया। प्रशंसकों ने रजनीकांत की फिल्म को इतना प्यार दिया है कि जेलर ने ओपनिंग डे कलेक्शन का नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है, यहां तक कि कॉलीवुड में फिल्म ने अब तक सबसे बड़े ओपनिंग कलेक्शन का रिकॉर्ड बना लिया है। शुरुआती नतीजों और ट्रेड एक्सपर्ट के अनुसार, रजनीकांत की फिल्म ने पहले दिन ग्रॉस 50 करोड़ के साथ खाता खोला है। सभी भाषाओं का कलेक्शन 45 से 50 करोड़ के बीच रहा है। नेल्सन दिलीपकुमार निर्देशित फिल्म को लोगों का प्यार मिल रहा है। 250 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म में तमन्ना भाटिया, शिवा राजकुमार, मोहनलाल, जैकी श्रॉफ आदि प्रमुख भूमिकाओं में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक जेलर तमिलनाडु में 2023 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। फिल्म ने वहां करीब 23 करोड़ का कलेक्शन किया है। इंडियन बॉक्स ऑफिस पर साल 2023 में आदिपुरुष ने ओपनिंग डे पर सबसे ज्यादा कमाई की है। इस फिल्म ने 89 करोड़ का बिजनेस किया था। इसके बाद इस लिस्ट में शाहरुख खान की पठान (57 करोड़) शामिल है। अब करीब 50 करोड़ का कलेक्शन करके जेलर तीसरे नंबर पर आ गई है।

## तमिलनाडु में बना नया रिकॉर्ड

शुरुआती समाने आ रहे आंकड़ों के मुताबिक, साउथ में रजनीकांत की फिल्म ने नया इतिहास रच दिया है। फिल्म की सिर्फ तमिलनाडु में ओपनिंग 23 करोड़ की बताई जा रही है, जो अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। इसके अलावा कर्नाटका में 11 करोड़, आंध्रप्रदेश में 10 करोड़, केरला में 5 करोड़ और बाकी स्टेट्स में करीब 3 करोड़ का ओपनिंग डे बिजनेस रहा। फिलहाल शुरुआती नतीजों में रजनीकांत की फिल्म को सबसे बड़ी ओपनिंग मूवी बताया जा रहा है, ट्रेडएनालिस्ट्स फिल्म को ब्लॉकबस्टर बता चुके हैं। यह भी कहा जा रहा है कि फिल्म पहले ही हफ्ते में नया रिकॉर्ड मार्क कर देगी। दूसरी तरफ, 'जेलर' को टक्कर देने के लिए सनी देओल की 'गदर 2', अक्षय कुमार की 'ओएमजी 2' और चिरंजीवी की 'भोला शंकर' भी आज रिलीज हुई हैं। सनी की फिल्म को शुरुआती रिस्पॉन्स अच्छा मिल रहा है। पहले दिन के सुबह के शो हाउसफुल रहने से यह उम्मीद की जा रही है कि हिन्दी बेल्ट में गदर-2 पहले 25 करोड़ तक का कारोबार करने में सफल हो जाएगी। गदर-2 के साथ सिनेमाघरों में रौनक लौट कर आई है।



# पसूरी सिंगर अली सेठी ने सलमान संग रचाई शादी! पाकिस्तान में मचा बवाल

पसूरी गाने से पाकिस्तान से लेकर भारत तक फेमस हुए सिंगर अली सेठी एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं। अली सेठी ने शादी कर ली है। खबरें है कि सिंगर ने अपने बॉयफ्रेंड सलमान संग शादी रचाई है। इसके बाद पूरे पाकिस्तान में बवाल हो गया है। बताया जा रहा है कि सिंगर ने इंग्लैंड में अपने बॉयफ्रेंड सलमान तूर के साथ शादी की है। लड़के संग शादी करने के बाद अली सेठी पाकिस्तानी कट्टरपंथियों और ट्रोलर्स के निशाने पर आ गए हैं। अली सेठी की गे मैरिज खबरें सामने आने के बाद पाकिस्तान के कट्टरपंथी एक्टिव हो चुके हैं। अली सेठी शादी की खबर सामने आने के बाद पाकिस्तान के कट्टरपंथियों ने सिंगर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और उनकी शादी का नाराजगी जाहिर कर रहे हैं।

# जया प्रदा को हुई छह महीने की जेल

रिपोर्ट्स से पता चलता है कि जया प्रदा अपने बिजनेस पार्टनर्स के साथ पहले चेन्नई में एक मूवी थिएटर की मालिक थीं। हालांकि, आर्थिक घाटे के कारण कुछ साल पहले सिनेमा हॉल को बंद करना पड़ा था।

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री और राजनेता जया प्रदा को कई साल पुराने एक मामले में चेन्नई की एक अदालत ने छह महीने की जेल की सजा सुनाई है। सजा के साथ-साथ उन पर 5,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। यह फैसला अभिनेत्री के बिजनेस पार्टनर राम कुमार और राजा बाबू पर भी लागू होता है, जिन्हें भी मामले में दोषी पाया गया था।

**-नहीं चुकाई कर्माचारियों की राज्य बीमा राशि**

सामने आई रिपोर्ट्स से पता चलता है कि जया प्रदा अपने बिजनेस पार्टनर्स के साथ पहले चेन्नई में एक मूवी थिएटर की मालिक थीं। हालांकि, आर्थिक घाटे के कारण कुछ साल पहले सिनेमा हॉल को बंद करना पड़ा था। थिएटर में काम करने वाले कर्मचारियों ने जया प्रदा के खिलाफ मामला दायर किया था, जिसमें आरोप लगाया गया कि उन्होंने कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) की राशि नहीं चुकाई है,



जो उनकी सैलेरी से काटी गई थी। इसके बाद, श्रम सरकारी बीमा निगम ने जया प्रदा, राम कुमार और राजा बाबू के खिलाफ केस किया था।

**-चेन्नई कोर्ट में चली सुनवाई**

जया प्रदा, उनके बिजनेस पार्टनर्स और कर्मचारियों के बीच चल रही यह कानूनी जंग चेन्नई के एग्मोर मजिस्ट्रेट कोर्ट पहुंची थी। वहां मामले की सुनवाई हुई और जेल और जुर्माने का अंतिम फैसला सुनाया गया। जया प्रदा ने कथित तौर पर केस को स्वीकार कर लिया है और थिएटर कर्मचारियों के सभी बकाया राशि का भुगतान करने का वादा भी किया है।

**-छह महीने काटनी होगी जेल**

जया प्रदा ने अदालत से मामले को खारिज करने की अपील की, लेकिन उनकी याचिका खारिज कर दी गई। इसका नतीजा यह हुआ कि अभिनेत्री को छह महीने की जेल की सजा दी गई और उनके ऊपर जुर्माना भी लगाया गया। मामले की अधिक जानकारी को अभी रिवील नहीं किया गया है, लेकिन उम्मीद की जा रही है कि सभी जानकारी सामने आ जाएगी। जया प्रदा के करियर की बात करें तो बॉलीवुड में अभिनय से सबका दिल जीतने के बाद उन्होंने राजनीति में अपनी किस्मत आजमाई। वह इस समय भारतीय जनता पार्टी से जुड़ी हुई हैं।

# महिला सशक्तिकरण का संदेश देती है फिल्म जवान: शाहरुख खान

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने एक्स पर अपने प्रशंसकों के सवालों के जवाब दिए। शाहरुख ने कहा कि उनकी फिल्म जवान महिला सशक्तिकरण पर एक मजबूत संदेश देती है। शाहरुख ने एक्स (पहले ट्विटर) पर अपने फैंस से खुलकर बात की। जिसमें उन्होंने सभी सवालों के जवाब दिए। सुपरस्टार का इस दौरान मजाकिया अंदाज भी देखा गया। एक सवाल के जवाब में शाहरुख ने कहा उनकी फिल्म जवान में महिला सशक्तिकरण पर एक मजबूत दृष्टिकोण दिखाया गया है। इसमें बताया गया है कि महिलाओं का सम्मान कैसे करें। अपने पसंदीदा गाने के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मेरा पसंदीदा गाना फिल्म का चालेया है। रोमांटिक और मधुर और सौम्य... बिल्कुल मेरे जैसा। एक फैन ने पूछा कि फिल्म जवान में कोई सबक या संदेश है। इस पर स्टार ने कहा कि फिल्म में महिला सशक्तीकरण पर एक मजबूत दृष्टिकोण है, जिसमें बताया गया है कि उनका सम्मान कैसे करें और उनके लिए कैसे खड़े हों। शाहरुख खान ने कहा कि वह फिल्म को इमोशनल ड्रामा के रूप में देखते है। एक फैन ने जवान में विजय सेतुपति की भूमिका के बारे में पूछा, जिस पर शाहरुख ने लिखा कि विजय एक अद्भुत अभिनेता हैं। फिल्म का पहला गाना जिंदा बंदा लोगों के दिलों पर राज कर रहा है। यह गाना अलग-अलग भाषाओं हिंदी (जिंदा बंदा), तमिल (वंधा एडम) और तेलुगु (धुम्मे धुलिपेला) में रिलीज किया गया है। जवान रेड चिलीज एंटरटेनमेंट की प्रस्तुति है। यह फिल्म 7 सितंबर 2023 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज होगी।




# सिंघम 3 में होगी दीपिका की एंट्री

रोहित शेट्टी की सुपरहिट फ्रेंचाइजी सिंघम के तीसरे पार्ट का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सिंघम 3 में भी अजय देवगन बाजीराव सिंघम बनकर दुश्मनों से भिड़ते नरज आने वाले हैं। साल 2011 में रिलीज सिंघम और 2014 में रिलीज सिंघम रिटर्न्स बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। हाल ही में खबर आई थी कि सिंघम 3 में टाइगर श्रॉफ भी पुलिस ऑफिसर की भूमिका में नजर आनेवाले हैं। वहीं अब इस फिल्म में दीपिका पादुकोण की एंट्री की खबरें भी सामने आ रही है। चर्चा है कि दीपिका पादुकोण फिल्म सिंघम 3 में अजय देवगन की बहन का किरदार निभाती नजर आ सकती हैं। रिपोर्ट के अनुसार दीपिका पादुकोण सिंघम 3 में एक फीमेल पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाएंगी। दीपिका इस फिल्म में एक्शन सीन करती नजर आएंगी। फिल्म सिंघम 3 में दीपिका की भूमिका ज्यादा लंबी नहीं, लेकिन महत्वपूर्ण होगी। बताया जा रहा है कि दीपिका पादुकोण को अजय की बहन के रोल में कास्ट करके रोहित शेट्टी साबित करना चाहते है कि सिंघम की पूरी फैमिली ही देशभक्त है। वो परिवार देश की सेवा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है।

# आमिर खान की लाल सिंह चड्ढा ने नंबर 1 ट्रेंड कर सोशल मीडिया पर मचाया तहलका

आमिर खान का सिनेमाई चमत्कार लाल सिंह चड्ढा सोशल मीडिया ट्रेंड के शिखर पर पहुंच गया है. आमिर खान का सिनेमाई चमत्कार लाल सिंह चड्ढा सोशल मीडिया ट्रेंड के शिखर पर पहुंच गया है और साथ नंबर 1 स्थान हासिल किया है। जैसा कि यह फिल्म स्क्रीन पर प्रदर्शित होने के बाद अपनी पहली वर्षगांठ मना रही है, इस कल्ट क्लासिक को लेकर उत्साह और तेज हो गया है और दर्शक इसे खूब पसंद कर रहे हैं। लाल सिंह चड्ढा मनोरंजन जगत में एक प्रिय रत्न के रूप में अपनी

अंडररेटेड फ़िल्म , यह फिल्म खुद को साबित करने के लिए दूसरा मौका पाने की हकदार है। जिसे इतनी खूबसूरती से लिखा गया है। अपनी रिलीज़ के एक साल पूरे होने पर, लाल सिंह चड्ढा सिनेमाई प्रतिभा के प्रमाण के रूप में खड़ा है, एक सावधानीपूर्वक तैयार की गई रचना जो दर्शकों को गहराई से पसंद आई है। अपनी खूबसूरत कहानी से लेकर अपने मनमोहक दृश्यों तक, यह फिल्म हर मायने में खूबसूरत है। फिल्म में दिल को झकझोर देने वाले गाने, असाधारण प्रतिभाशाली कलाकारों का शानदार प्रदर्शन शामिल है। दूरदर्शी निर्देशन कौशल से प्रेरित होकर, लाल सिंह चड्ढा ने दर्शकों के दिल और दिमाग पर राज किया है।



# पापा के संस्कार... सुहाना ने गरीबों को बांटे पैसे तो निहाल हुई पब्लिक

शाहरुख खान की लाडली सुहाना खान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वो एक रेस्टोरेंट के बाहर जरुरतमंदों को पैसे बांटती नजर आईं। उनका ये रूप देख पब्लिक उन पर निहाल हो गई है। उनकी जमकर तारीफ कर रही है। सुहाना खान बॉलीवुड की मोस्ट पॉप्युलर स्टार किड हैं। वो जहां भी जाती हैं, कैमरे उनके पीछे-पीछे रहते हैं। वो जल्द ही द आर्चीज मूवी से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने वाली हैं, लेकिन शोबिज की दुनिया में आने से पहले ही वो बड़ा नाम बन चुकी हैं। सुहाना सोशल मीडिया पर भी खूब

उन पर फिदा हैं, लेकिन अब उन्होंने एक ऐसा काम कर दिया है कि शाहरुख के फैंस को उनकी लाडली पर गर्व हो रहा है। सभी उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। दरअसल मुंबई में एक इवेंट में अपनी मां गौरी खान के साथ देखा गया। वहां से लौटते समय जब सुहाना अपनी गाड़ी की तरफ बढ़ने लगीं तो कुछ जरुरतमंद लोग उनसे पैसे मांगने लगे। इस पर सुहाना ने फटाक से अपना पर्स खोलकर उसमें से रुपये निकाले और एक महिला को पकड़ा दिया। इसके बाद उन्होंने एक और नोट निकालकर दे दी।





## बॉलीवुड में जल्द ही कमबैक करने जा रहे इमरान खान

## 5 साल बाद पहला पोस्ट कर किया कंफर्म

एक्टर इमरान खान ने काफी लंबे समय से बॉलीवुड इंडस्ट्री से ब्रेक ले रखा है और लाइमलाइट से भी दूर रहते हैं। एक्टर इमरान खान ने काफी लंबे समय से बॉलीवुड इंडस्ट्री से ब्रेक ले रखा है और लाइमलाइट से भी दूर रहते हैं। हालांकि, अब हाल ही में उन्होंने एक पोस्ट से फैंस को तोहफा दिया है। एक्टर जल्द ही इंडस्ट्री में कमबैक करने जा रहे हैं। दरअसल, बीते दिनों फैंस सोशल मीडिया पर इमरान से कमबैक करने की रिक्वेस्ट कर रहे थे। ऐसे में एक्टर ने इंस्टाग्राम के नए फीचर थ्रेड्स का स्क्रीनशॉट शेयर कर लिखा- मैं आपको सुनता हूं और मैं इस पर काम कर रहा हूं। इतने समय तक मेरा इंतजार करने के लिए शुक्रिया।' इमरान के इस थ्रेड पर एक फैन ने रिएक्ट करते हुए लिखा- हम लक 2 चाहते हैं। इंस्टाग्राम पर अपने फैन के रिस्पॉन्स का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए इमरान ने लिखा- मुझे लगता है कि थ्रेड्स पर पोस्ट करने के लिए मुझे यही मिला है। बता दें, इमरान खान ने अपने फिल्म 'जाने तू या जाने ना से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। वहीं, साल 2015 में वह आखिरी बार फिल्म कट्टी-बट्टी में नजर आए थे। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी और इमरान ने लंबे समय के लिए फिल्मी पर्दे से ब्रेक ले लिया। 2018 के बाद से इमरान सोशल मीडिया पर भी ज्यादा एक्टिव नहीं रहते। गुरुवार को उन्होंने 5 साल बाद इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने अपने फैंस को जानकारी दी कि वह जल्द ही बॉलीवुड में कमबैक कर रहे हैं।



# ड्रीम गर्ल 2 में अभिषेक आएंगे इस किरदार में नजर

बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना की फिल्म ड्रीम गर्ल 2 को लेकर हर तरफ जोश का महौल बना हुआ है। हाल में जारी हुआ फिल्म का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर भी आते ही चारों तरफ छा गया, जबकि पूजा की झलक ने फैंस को बेहद खुश कर दिया। ऐसे में अब देशभर में फिल्म का क्रेज देखा जा सकता है। ब्लॉकबस्टर कॉमेडी फिल्म ड्रीम गर्ल के सीक्वल को लेकर लोगों की उम्मीद भी आसमान छू रही है और लगता है फिल्म किसी को निराश नही करने वाली है। इस फिल्म की स्टार स्टेडड कास्ट में प्रतिभाशाली अभिषेक बनर्जी का होना यकीनन सोने पर सुहागा जैसा है। दरसअल अभिषेक बनर्जी ने इंडस्ट्री में अपनी बहुमुखी प्रतिभा और शानदार एक्टिंग से खूब नाम कमाया हैं। उन्हें अपनी परफेक्ट कॉमिक टाइमिंग और सूक्ष्म प्रदर्शन के लिए जाना जाता हैं। ऐसे में ड्रीम गर्ल 2 में उनकी मौजूदगी ने उत्साह का लेवल और भी बढ़ा दिया है। फिल्म में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए अभिषेक ने खुलासा किया, फिल्म में मेरे किरदार का नाम शाहरुख है, जिससे शुरू में मुझे हैरानी हुई कि क्या मुझे असली शाहरुख खान या एक रोमांटिक किरदार निभाना है। हालांकि, स्क्रिप्ट पढ़ने के बाद मुझे पता चला कि यह किरदार पूरी तरह से अलग है। वह डिप्रेशन और उदासी से जूझ रहा एक व्यक्ति है, पर फिर जब उसका सामना पूजा से होता है, तो उसे अपने जीवन में उम्मीद की एक रोशनी दिखाई देती है। फिल्म के ट्रेलर ने 2023 की कॉमेडी फिल्म के रूप में जबरदस्त तारीफ हासिल करते हुए खूब चर्चा पैदा की है।